

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-202 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 18 सितम्बर 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


# गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी पूजा, मेरा प्रण : प्रधानमंत्री श्री मोदी

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने धार में किया पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास, स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महा-अभियान सहित विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों का शुभारंभ**








भोपाल(निप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आज मध्यप्रदेश को बड़ी सौगात मिली है। धार की धरती पर बनने वाले देश के पहले और सबसे बड़े पीएम मित्र पार्क से देश की अर्थव्यवस्था को नया आधार मिलेगा। यह पार्क पूरे मध्यप्रदेश के विकास को नई गति देगा और यहां होने वाले निवेश से प्रदेश की अर्थव्यवस्था एक नए दौर में प्रवेश करेगी। मध्यप्रदेश विकास की नई इबारत भी लिखेगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि कपड़ा उद्योग से ही देश के विकास को नई मजबूती मिलेगी। पीएम मित्र पार्क देश की टेक्सटाइल इंडस्ट्री में नए ट्रांसफार्मेशन की राह खोलेगा। उन्होंने कहा कि हम देश में 7 पीएम मित्र पार्क स्थापित करने जा रहे हैं और इनके जरिए हम भारत को विश्व का टेक्सटाईल-हब बनाएंगे। इन पीएम मित्र पार्कों में बुना जाने वाला धागा, सिर्फ किसानों का ही नहीं, बल्कि पूरे देश के विकास का नया ताना-बाना बुनेगा।प्रधानमंत्री श्री मोदी बुधवार को धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में आयोजित एक विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने यहां पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया साथ ही राष्ट्रीय स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महाअभियान, आठवें राष्ट्रीय पोषण माह, आदि सेवा पर्व का शुभारंभ कर सुमन सखी चैटवॉट को लाँच किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत देशभर की 15 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को 450 करोड़ रूपए से अधिक की प्रसूति सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खाते में अंतरित की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की दीदी श्रीमती लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सुश्री आराधना कलमी को 1 करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महाअभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर उपस्थित रहीं।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विकसित भारत सिर्फ हमारा संकल्प नहीं है, बल्कि यह भारत के सुनहरे भविष्य के निर्माण का यज्ञ है। यह यज्ञ तभी पूर्ण होगा जब इसमें सबकी आहुति और सबका योगदान शामिल होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सबके साथ से हम सबके विकास के लिए संकल्पित हैं। पिछले 11 वर्ष जनकल्याण को समर्पित रहे। गरीब के चेहरे पर मुस्कान लाना ही मेरी इष्ट-पूजा और मेरा प्रण है। हमारे समर्पित प्रयासों से पिछले 11 साल में देश के 25 करोड़ लोग गरीबी के जीवन से बाहर आए हैं, जिससे पूरे समाज को एक नया आत्मविश्वास मिला है, यही हमारा ईनाम भी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मध्यप्रदेश सरकार की प्रगतिशीलता और अवसर का भरपूर लाभ उठाने की उदात्त मंशा की सराहना करते हुए कहा कि धार का यह पीएम मित्र पार्क आने वाले समय में दूसरे राज्यों के लिए एक नज़ीर बनेगा।प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को बढ़ाना चाहिए। इसी से हमारे किसानों, काश्तकारों और श्रमिकों के जीवन में समृद्धि आयेगी। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वदेशी को ही आजादी का हथियार बनाया था। अब हमें इसे विकसित भारत का आधार बनाना है। इसलिए हम छोटी-बड़ी जो भी चीजें खरीदें, सबसे पहले देखें कि क्या यह देश में बनी है या नहीं। देश का पैसा देश में रहेगा, तो विकास को नई गति मिलेगी। यही पैसा देश के विकास और गरीब कल्याण की योजनाओं में काम आता है। देश के मध्यम वर्ग के सपनों को पूरा करने के लिए बहुत धन की जरूरत है।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गरीबों के जीवन में सुख-सुविधा और सम्मान दिया : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



धार (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं, जो कभी कल्पना मात्र लगती थीं। जिस भारत की प्रगति को दुनिया असंभव मानती थी, वह प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व ने 'मोदी है तो मुमकिन है' की प्रतिबद्धता ने कर दिखाई। देश की बुनियादी सुविधाओं से लेकर बड़ी से बड़ी दुविधाओं का हल उन्होंने निकाला है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व ने भारत की काया पलट दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर याद आ रहा है कि जिस तरह भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को गढ़ा, उसी तरह प्रधानमंत्री श्री मोदी आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत की नींव रखकर नए भारत का निर्माण कर रहे हैं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत की ताकत दुनिया देख रही है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी की सशक्त विदेश नीति और सक्रिय कूटनीतिक प्रयासों से संभव हुआ है। उनके नेतृत्व में भारत ने रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भैंसोला में आयोजित स्वास्थ्य शिविर के अवलोकन के दौरान नन्हे बच्चे को गोद में उठाकर दुलार किया

## देश के लिए त्याग, तपस्या और सर्वस्व समर्पण का नाम हैं नरेंद्र मोदी : अमित शाह



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उनके नेतृत्व, त्याग और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश के लिए त्याग, तपस्या और सर्वस्व समर्पण का नाम नरेंद्र मोदी है। उन्होंने पीएम मोदी की पांच दशक से अधिक की राष्ट्रसेवा, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में उनके योगदान को रेखांकित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट किया।

प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने लिखा, त्याग और समर्पण के प्रतीक, करोड़ों देशवासियों की प्रेरणा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75वें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। सामाजिक जीवन में पांच दशक से अधिक समय से देशवासियों के कल्याण के लिए बिना रुके, बिना थके अनवरत कार्य करने वाले पीएम मोदी हर एक देशवासी के लिए 'राष्ट्र प्रथम' की जीवंत प्रेरणा हैं।

उन्होंने पीएम मोदी की जीवन यात्रा को प्रेरणादायी बताते हुए कहा कि संघ से संगठन और सरकार तक, मोदी जी की जीवन यात्रा बताती है कि जब निश्चय हिमालय के समान अडिग और दृष्टि समुद्र के समान विशाल हो, तो कितने व्यापक परिवर्तन संभव हैं। व्यवस्था में शुचिता, निर्णयों में दृढ़ता और नीतियों में स्पष्टता लाने वाले मोदी जी ने शासन के केंद्र में वंचितों, पिछड़ों, गरीबों, महिलाओं और आदिवासियों को लाने का अविस्मरणीय कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि करोड़ों देशवासियों के जीवन में अकल्पनीय परिवर्तन लाकर 'विकसित' और 'आत्मनिर्भर भारत' की निर्माण यात्रा से उन्हें जोड़ने वाले मोदी जी पर पूरे देश को गर्व है।

## शांति वार्ता की पेशकश के बीच पुलिस-नक्सली मुठभेड़ , 2 माओवादी ढेर

पखांजुर/कांकेर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में जहां एक तरफ नक्सल संगठन ने सरकार के साथ शांति वार्ता की पेशकश की है, तो वहीं दूसरी ओर सुरक्षा बलों का एंटी नक्सल ऑपरेशन लगातार जारी है। इसी कड़ी में आज छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की सीमा से लगे नक्सल मोर्चे से बड़ी खबर सामने आई है। गढ़चिरौली के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दो नक्सली ढेर हो गए और मौके से AK-47 समेत भारी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। इसके अलावा कांकेर पुलिस ने मोस्ट वांटेड नक्सलियों की तलाश तेज करते हुए उनकी तस्वीरों वाले बैनर गांव-गांव में लगाए हैं।छत्तीसगढ़ की सीमा से लगे महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली के जंगलों में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है।

## पीएम मोदी की मां का मुखौटा लगाकर मानाया प्रधानमंत्री का 75वां जन्मदिन



वाराणसी,(ए)। पीएम नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन देश भर में उत्साह और भक्तिमय माहौल के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में विशेष पूजा-अर्चना की गई। भगवान को 56 भोग चढ़ाए गए। इस मौके पर पीएम आवास योजना की 75 लाभार्थी महिलाएं शामिल हुईं, जिन्होंने पीएम की मां हीराबेन का मुखौटा पहनकर उन्हें बधाई दी। महिलाओं ने तिलक लगाकर, आरती उतारकर और मिठाई खिलाकर पीएम मोदी का जन्मदिन मनाया। इस दौरान भक्ति भजनों और जयकारों से काशी नगरी गूंज उठी, और लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। इस आयोजन ने पीएम मोदी के प्रति उनके संसदीय क्षेत्र के अनोखे सम्मान को दर्शाया। पीएम आवास योजना की एक लाभार्थी ने कहा पीएम मोदी की मां अब इस दुनिया में नहीं हैं, इसलिए हम हीराबेन का मुखौटा पहनकर पीएम मोदी का जन्मदिन मना रही हैं।

## महानगर में फिर फर्जी अंतर्राष्ट्रीय कॉल सेंटर रैकेट का भंडाफोड़, 10 गिरफ्तार

कोलकाता (आरएनएस)। अवैध कॉल सेंटर खोलकर लाखों रुपये की ठगी के मामले में साइबर थाने की पुलिस ने नारकेलडांगा थाना इलाका सहित महानगर के कई जगहों पर अभियान चलाकर 10 लाख रुपये नकद, ढेर सारे सोने के गहने और महंगी घड़ियां बरामद कीं। धोखाधड़ी के आरोप में कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। लालबाजार सूत्रों के अनुसार, आरोपी कोलकाता में रहते हैं और अमेरिकी निवासियों से ठगी में शामिल हैं। गिरफ्तारों में मुख्य आरोपी जावेद खान भी है। यह गिरफ़्तारी व अभियान महानगर कोलकाता के विभिन्न इलाकों में स्थित ठिकानों पर चलाया गया।

## जेवर एयरपोर्ट का इंतजार खत्म! इस दिन होगा उद्घाटन, 10 बड़े शहरों के लिए शुरु होंगी उड़ानें

गाजियाबाद (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर के बहुप्रतीक्षित जेवर एयरपोर्ट को लेकर चल रहा लंबा इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजुरप्पू राम मोहन नायडू ने बुधवार को घोषणा की कि जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन 30 अक्टूबर को किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि उद्घाटन के 45 दिनों के भीतर एयरपोर्ट से देश के 10 प्रमुख शहरों के लिए उड़ानें शुरू कर दी जाएंगी।केंद्रीय मंत्री 'यात्री सेवा दिवस' के अवसर पर गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने जानकारी दी कि जेवर एयरपोर्ट से पहले चरण में बेंगलुरु, मुंबई और कोलकाता जैसे महानगरों के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। इसके लिए इंडिगो और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी प्रमुख एयरलाइंस से बातचीत पूरी हो चुकी है।

मंत्री ने हिंडन एयरपोर्ट को एक महत्वपूर्ण हवाई अड्डा बताते हुए कहा कि दिल्ली से इसकी निकटता दिल्ली एयरपोर्ट पर बढ़ते बोझ को कम करने में मददगार है। उन्होंने हिंडन एयरपोर्ट के विस्तार की योजनाओं की भी घोषणा की।




## ग्वालियर में 1.30 करोड़ की ठगी

**बीजेपी नेता के भाई धीरज अग्रवाल से धोखाधड़ी, हाईकोर्ट ने रैली परिवार की जमानत की खारिज; फरार आरोपियों पर 5-5 हजार का इनाम**

ग्वालियर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एचजी ग्रुप के संचालक धीरज अग्रवाल के साथ 01 करोड़ 30 लाख रुपये की सुनियोजित धोखाधड़ी हुई थी। इस मामले के आरोपियों गौतम राय रैली सहित उसके परिवार पर ईनाम घोषित किया गया है। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद आरोपियों को अग्रिम जमानत देने से इंकार करते हुए कहा है कि आरोपियों को हिरासत में लिए बिना अपराध की जांच होना संभव नहीं। पिछले ढाई माह से आरोपी फरार हैं, पुलिस को जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों पर 5-5 हजार का ईनाम घोषित किया है। धीरज अग्रवाल BJP प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल के बड़े भाई है।ग्वालियर में सुनियोजित और बड़े पैमाने पर फाइनेंशियल धोखाधड़ी करने वाले आरोपी गौतम राय रैली उसकी पत्नी प्रिया रैली और कर्मचारी मानवेंद्र की जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है। इससे पूर्व सहआरोपी गुलशन राय रैली की भी जमानत याचिका उच्च न्यायालय से निरस्त हो चुकी थी। माननीय उच्च न्यायालय ने आरोपी को अंतरिम जमानत का लाभ देने से इनकार करते हुए अपने विस्तृत आदेश में कहा कि आरोपी परिवार ने न केवल शिकायतकर्ता को ठगा, बल्कि समाज के बड़े वर्ग को धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग और षड्यंत्र के माध्यम से नुकसान पहुंचाता है।

## ईवीएम में पहली बार उम्मीदवारों की दिखेगी रंगीन फोटो, चुनाव आयोग ने गाइडलाइंस में किया संशोधन




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग ने बुधवार को प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि ईवीएम बैलेट पेपर पर अब प्रत्याशियों के कलर फोटो छापे जाएंगे। यानि ईवीएम पर अब उम्मीदवारों के नाम और चुनाव चिह्न के साथ उनके कलर फोटो भी होंगे।निर्वाचन आयोग के अनुसार बिहार विधानसभा चुनाव से इसकी शुरुआत होने जा रही है। आयोग का कहना है कि हमनाम वाले उम्मीदवारों की वजह से अक्सर मतदाताओं को कंफ्यूजन होती है। इसके समाधान के लिए अब ईवीएम पर चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार की रंगीन तस्वीर भी लगाई जाएगी, ताकि मतदाता अपने पसंदीदा कैंडिडेट की सही से पहचान कर उसे वोट कर सकेंगे। इसके अलावा सभी कैंडिडेट और नोटा के क्रमांक को भी ईवीएम पर गहरे फॉन्ट में छापा जाएगा। इसका फॉन्ट साइज 30 होगा। साथ ही सभी उम्मीदवारों के नाम और नोटा को एक ही फॉन्ट और फॉन्ट साइज में प्रिंट किया जाएगा। ताकि मतदाताओं को उन्हें पढ़ने में आसानी हो।ईवीएम बैलेट पेपर के वजन का मानक भी चुनाव आयोग ने तय किया है। ये पेपर 70 जीएसएम के होंगे। विधानसभा चुनावों के लिए गुलाबी रंग के खास पेपर का इस्तेमाल किया जाएगा। चुनाव आयोग इन सभी बदलावों की शुरुआत आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से करने जा रहा है। इसके बाद सभी चुनावों में यही प्रक्रिया अपनाई जाएगी। दरअसल, चुनावों में अक्सर देखा जाता कि एक ही नाम के एक से ज्यादा उम्मीदवार खड़े हो जाते हैं। इससे मतदाताओं में कंफ्यूजन पैदा हो जाती है। कई बार वोटर गलती से हमनाम वाले किसी दूसरे प्रत्याशी को वोट दे आता है। इस समस्या से निपटने के लिए चुनाव आयोग ने प्रत्याशियों के कलर फोटो ईवीएम पर छापने का फैसला लिया है। ताकि मतदाता अपने प्रत्याशी का नाम और चुनाव चिह्न के साथ ही उसके चेहरे को देखकर सही तरीके से वोट कर सकें।

## काल बनकर आई बोलेरो! बाइक को मारी जोरदार टक्कर, उछलकर नहर में जा गिरे युवक, एसडीआरएफ ने तीनों के शवों को निकाला बाहर

भिंड (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के भिंड जिले में बड़ा हादसा हो गया। जहां तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार उछलकर नहर में जा डूबे। वहीं एसडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों के शवों को बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों सदमे में है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। यह दर्दनाक हादसा असवार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, तीन युवक बाइक पर सवार होकर भिंड के लहार के रावतपुरा गांव गए थे। जहां निमंत्रण खाकर लौट रहे थे। इस दौरान देर रात बराह गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीन बाइक से उछलकर नहर में जा गिरे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। SDRF ने रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। कड़ी मशक्कत के बाद तीनों के शवों को पानी से बाहर निकाला गया। तीनों मृतक दतिया जिले के निवासी बताए जा रहे है। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।







मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगवान विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री निवास स्थित तकनीकी कक्ष में पूजा-अर्चना कर नमन किया

# गाँधी सागर अभयारण्य में मादा चीता धीरा को सफलतापूर्वक छोड़ा

### परियोजना चीता में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि चीता आबादी पुनर्वास के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

भोपाल (ए.)। परियोजना चीता में बुधवार को एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गयी, जब कूनो राष्ट्रीय उद्यान की लगभग 7.5 वर्ष की मादा चीता धीरा को वन विभाग के अधिकारियों ने गाँधी सागर अभयारण्य में दोपहर 2 बजे सफलतापूर्वक छोड़ा। यह अभियान सुबह कूनो राष्ट्रीय उद्यान से प्रारंभ हुआ, जहाँ वन विभाग की पशु चिकित्सा टीम, फील्ड स्टॉफ और वरिष्ठ अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया की बारीकी से निगरानी की। मादा चीता धीरा जो अपने परिवहन क्रेट में शांत, किन्तु सतर्क थी। धीरा ने लगभग 7 घंटे की यात्रा एक विशेष वातानुकूलित वाहन में पूरी की। पूरी यात्रा के दौरान उसकी सेहत और सुरक्षा पर कड़ी निगरानी रखी गयी।

गाँधी सागर अभयारण्य में जब क्रेट का दरवाजा खोला गया, धीरा ने कुछ क्षण रुककर अपने नये परिवेश को देखा और अपने नये घर की भूमि पर फुर्ती से छलांग लगाते हुए पहला कदम रखा। यह पुनर्वास भारत में चीता आबादी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कूनो राष्ट्रीय उद्यान से पूर्व में भी 2 नर चीतों का पुनर्वास गाँधी सागर अभयारण्य में किया गया था। मादा चीता का पुनर्वास होने से यह एक सक्षम प्रजनन आबादी का मार्ग प्रशस्त करेगा। यह परियोजना की दीर्घकालिक सफलता



के लिये अत्यंत आवश्यक है। यह घटना केवल एक जानवर का पुनर्वास नहीं थी, बल्कि एक सपने की निरंतरता थी। भारत की अपनी खोयी हुई प्राकृतिक धरोहर को पुनर्स्थापित करने की प्रतिबद्धता और टीम चीता के प्रत्येक सदस्य के लिये गौरव का क्षण था।

## दो महिलाओ को शादी का झांसा देकर रेप और लाखो की रकम ऐंठने का मामला

*- पीड़ित महिलाओं के पति के साथ अतरंग वीडियो बनाने का इंतेजाम करने वाली पत्नि फरार*
*- सपा उम्मीदवार मिर्ची बाबा की प्रस्तावक थी फरार महिला*



भोपाल(ए)। बागसेवनिया थाना इलाके में शातिर दंपत्ति द्वारा दो महिलाओ को शादी का झांसा देकर उनके साथ दुष्कर्म कर अशलील वीडियो बनाने के साथ ही दोनों महिलाओं से 40 लाख और 45 लाख रुपए हड़पने के मामले में कई चौकांने वाले खुलासे हो रहे है। आरोपी पति फिलहाल पुलिस गिरफ्त में है, जबकि पत्नि बच्चे को साथ लेकर फरार हो गई है। पति ने पुलिस को बताया की इस साजिश में उसकी पत्नी भी शामिल थी। आरोपी ने पत्नि को माँ बताकर पीड़िताओ से मिलवाया था, महिलाओ से घर में शारीरिक संबध बनाने और अशलील वीडियो बनाने की प्लानिंग पत्नि करती थी, और महिलाओ से शारीरिक संबध बनाते समय उसकी पत्नि ने आपत्तिजनक वीडियो बनाये थे। शिकायत की जॉच के बाद थाना पुलिस ने 2-3 सितंबर को प्रकरण दर्ज किये थे।

**गिरफ्तार पति से ज्यादा शातिर है उसकी फरार पत्नि**

कॉर्पोरेट कंपनी और बैंक में काम करने वाली विधवा महिलाओं से यौन शोषण करने वाले गिरफ्तार आरोपी पति अविनाश प्रजापति की फरार चल रही दूसरी पत्नी पत्नी चंद्रिका पालीवाल को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आये है। चंद्रिका पालीवाल सीहोर जिले के बुधनी विधानसभा में समाजवादी पार्टी की तरफ से नामांकन दाखिल करने वाले मिर्ची बाबा की तरफ से प्रस्तावक भी थी। उसने चुनाव आयोग के समक्ष 2023 में हलफनामा में हस्ताक्षर भी किए थे। अविनाश प्रजापति मूलतः नरसिंहपुर जिले का रहने वाला है। वह डेढ़ साल पहले ही भोपाल में रहने आया है। इससे पहले वह शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित रोहित नगर में रहता था। चंद्रिका पालीवाल उसकी दूसरी पत्नी है। पहली पत्नी को वह तलाक दे चुका है। उसके पिता नरसिंहपुर में ग्राम सहायक थे। अविनाश के खिलाफ लोहे का सरिया बेचने के नाम पर, एप बनाने के नाम पर और निवेश करने का झांसा देकर लोगों से पैसा ऐंठने की एफआईआर है। बताया जा रहा है कि अब तक उसने करीब पांच करोड़ रुपए से ज्यादा का हेर-फेर किया है।

## डंपर और यात्री बस की टक्कर, तीन गंभीर घायल



भोपाल (आरएनएस)। खजूरी सड़क थाना इलाके में 11 मील श्याम पैलेस होटल के सामने बस और डंपर की भिड़ंत हो गई। एक ब्रेकर पर डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगाए थे, इससे पीछे से आ रही बीआर ट्रैवल्स की बस डंपर में पीछे से टकरा गई। हादसे के समय बस में 20-25 यात्री सवार थे। इनमें ड्राइवर-कंडक्टर सहित एक यात्री को गंभीर चोट आई है।तीनों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना आज तड़के सुबह करीब चार बजे की है। सुबह पांच बजे तक 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। खजूरी सड़क थाना पुलिस के जवान और ग्रामीण भी रेस्क्यू में शामिल रहे।पुलिस के मुताबिक बीआर ट्रैवल्स की बस देर रात उज्जैन से नागपुर जाने के लिए रवाना हुई थी। खजूरी सड़क इलाके में जिकजैक ब्रेकर देख एक डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस डंपर से टकरा गई।इस हादसे में बस के कैबिन में बैठे ड्राइवर प्रकाश पुरोहित निवासी उज्जैन, कंडक्टर किरण पुत्र राधेश्याम सहित यात्री चेतन पुत्र बाबूलाल निवासी बैरसिया को गंभीर चोट आई हैं। एक दर्जन से अधिक यात्रियों को मामूली चोट थीं। सभी को प्राथमिक इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। वहीं, गंभीर घायल तीनों व्यक्तियों का हमीदिया अस्पताल में इलाज चल रहा है। प्रकाश और किरण के दोनों पांव फ्रैक्चर हो गए हैं।थाना प्रभारी नीरज वर्मा के मुताबिक डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, बिना कॉशनरी कमांड दिए। बस ड्राइवर भी निर्धारित दूरी मैंटेन नहीं कर वाहन चला रहा था। जिससे हादसा हुआ है, लिहाजा दोनों वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

## संदिग्ध हालात में छत से गिरा निगमकर्मी,मौत

भोपाल (आरएनएस)। अयोध्या नगर इलाके में मंगलवार देर रात खाना खाने के बाद छत पर टहल रहे नगर निगम के कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थितियों में दो मंजिल से गिरने से मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अयोध्या नगर पुलिस के मुताबिक नरेला निवासी अशोक ठाकुर पुत्र विजय ठाकुर (38) नगर निगम में ठेका श्रमिक था। मंगलवार की रात खाना खाने के बाद अपने दो मंजिला मकान की छत पर टहल रहा था। तभी अचानक वह छत से नीचे गिर गया। उसे खून से लथपथ हालत में परिजन निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पुलिस को बताया कि अशोक शराब पीने का आदी था।

## दवा के धोखे में महिला ने पिया जहर, मौत



भोपाल(आरएनएस)। बरखेड़ी में रहने वाली महिला को मासूम बेटी ने दवा के धोखे में मॉस्किटो लिक्विड पिला दिया। तबीयत बिगड़ने के बाद महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पांच दिन चले इलाज के बाद बुधवार को महिला की मौत हो गई।मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। जहांगीराबाद पुलिस के मुताबिक स्वाति शाक्य पति रवि शाक्य (30) निवासी बरखेड़ी की रहने वाली थी। शनिवार की रात को 11 बजे महिला की तबीयत खराब थी। तब उसने नौ साल की बच्ची से दवा मांगी।मृतका के पति रवि ने बताया कि बेटी ने दवा के धोखे में मॉस्किटो लिक्विड अपने ही हाथ से मां को पिला दिया। इससे मां की तबीयत बिगड़ी, तत्काल उसे अस्पातल पहुंचाया गया। जहां इलाज के दौरान बुधवार की तड़के सुबह उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

# पांच दिनों से ठप पड़ा प्रशासनिक कामकाज, खराब हुआ ई-ऑफिस सिस्टम

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश में पिछले पांच दिनों से प्रशासनिक कामकाज ठप पड़ा है। अफसरों-कर्मचारियों के पास कोई काम ही नहीं है। प्रदेश में लागू ई-ऑफिस सिस्टम के खराब हो जाने के कारण यह स्थिति बनी है। इसका मंत्रालय पर सर्वाधिक असर देखा जा रहा है हालांकि प्रदेशभर के सभी विभाग प्रभावित हुए हैं। बताया जा रहा है कि ई-ऑफिस सिस्टम का सर्वर लोड नहीं उठा पा रहा है जिससे काम अचानक बंद हो जाता है। पुलिस विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ऊर्जा जैसे महत्वपूर्ण विभागों में कार्यालयीन काम बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। शुक्रवार से प्रारंभ हुई खराबी बुधवार दोपहर तक पूर्ण रूप से ठीक नहीं हो पाई है।ई-ऑफिस सिस्टम के ठप हो जाने से मंत्रालय सहित प्रदेशभर



के 52 विभागों में कामकाज बंद से है। तकनीकी गड़बड़ी के कारण सिस्टम खराब है। दिक्कत आने के बाद शुक्रवार को कुछ सुधार किया गया था लेकिन सोमवार को सिस्टम सुबह से ही ठप हो गया। ऑफिसों में अधिकारी, कर्मचारी खाली बैठे रहे।शुक्रवार को अधिकारियों, कर्मचारियों को सोमवार सुबह तक ई-ऑफिस सिस्टम बंद रहने की सूचना दी गई थी। इसकी वजह मेंटेनेंस बताई गई थी लेकिन ई-ऑफिस अभी तक चालू नहीं हो सका है। इधर सामान्य प्रशासन विभाग के अफसरों का कहना है कि ई-ऑफिस सिस्टम चालू तो है पर बेहद धीमा होने से कोई काम नहीं हो पा रहा है। यह बात भी सामने आई कि सिस्टम में वर्किंग ऑवर में खराबी आती है जब सबसे ज्यादा लोड रहता है। सुबह और शाम के समय ई-ऑफिस सिस्टम कुछ ठीक चलता है।

ई-ऑफिस प्रणाली को इस साल 1 जनवरी से प्रदेश के सभी विभागों, जिलों और संभागों में अनिवार्य रूप से लागू किया गया था। इसका उद्देश्य पेपरलेस और पारदर्शी कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना था, लेकिन पांच दिन से कामकाज ठप होने से सरकार की कार्यक्षमता पर सवाल खड़े हो गए हैं।

### निर्माल्य नींबुओं से बॉयो एंजाइम्स का शाहपुरा विसर्जन स्थल में छिडकाव कर जल का शुद्धिकरण

भोपाल (आरएनएस)। नगर निगम, भोपाल द्वारा निर्माल्य नींबुओं से बॉयो एंजाइम रिसाईकल हब में निर्माण कर जल स्त्रोतों को शुद्ध करने हेतु भोपाल में पहली बार इसका उपयोग किया गया। महापौर मालती राय ने बुधवार को सायंकाल शाहपुरा विसर्जन घाट में बॉयो इंजाइम्स का छिडकाव कर जलशुद्धिकरण का शुभारंभ किया। महापौर राय ने बॉयो इंजाइम्स को शाहपुरा स्थित विसर्जन स्थल में स्प्रे मशीन से जल में छिड़काव किया और अपने समक्ष ही नाव से विसर्जन स्थल में इसका छिडकाव कराया। इस अवसर पर महापौर परिषद की सदस्य सुषमा बाबीसा, पार्षद अरविन्द वर्मा, सीनियर सांईटिस्ट डॉ.योगेन्द्र सक्सेना भी उपस्थित थे।

## जीआरपी ने बरामद किए लाखों के चांदी के आभूषण, चेकिंग के दौरान ओवरब्रिज पर बैग छोड़कर भागा युवक



भोपाल (ए)। चलती ट्रेनों में मादक पदार्थ और स्वर्ण आभूषणों की तस्करी करने तथा चोरी और लूटपाट की घटनाओं को रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जीआरपी इटारसी को एक बड़ी सफलता हासिल हुई है। जीआरपी ने रेलवे फुट ओवरब्रिज पर संदिग्ध हालत में दिखे एक युवक का पीछा किया तो वह पिट्ठू बैग छोड़कर भाग निकला। बैग के अंदर 20 लाख रुपये कीमत के चांदी के आभूषण रखे हुए थे, जिन्हें जीआरपी ने जब्त कर लिया है। इस मामले में आभूषणों के मालिक की तलाश में अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों में ट्रेनों के माध्यम से मादक पदार्थ और अवैध शराब की तस्करी के मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही लगातार चोरी और लूटपाट की घटनाएं भी हो रही हैं। इसके चलते एसपी रेल राहुल कुमार लोढ़ा ने चलती ट्रेनों के साथ ही प्लेटफार्मों और आउटर एरिया में सघन चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी के तहत इटारसी जीआरपी थाना प्रभारी संजय चौकसे ने प्लेटफार्म ड्यूटी पर लगे पुलिस स्टाफ को समझाइश देकर चेकिंग के लिए रवाना किया था। इटारसी स्टेशन स्थित फुट ओवर ब्रिज पर चैकिंग के दौरान एक युवक ने पुलिस को देखा तो वह भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ने का प्रयास किया तो वह अपना पिट्ठू बैग ब्रिज पर छोड़कर भीड़ का फायदा उठाते हुए मौके से भाग निकला। पुलिस ने उसका बैग जब्त कर लिया। चैक करने पर बैग के अंदर 15.320 किलोग्राम चांदी के आभूषण मिले। जब्त हुए आभूषणों की कीमत 20 लाख रुपये बताई गई है।

## जयप्रकाश अस्पताल से हुआ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ

भोपाल।(आरएनएस)। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ बुधवार को सांसद भोपाल आलोक शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर जयप्रकाश जिला चिकित्सालय सहित जिले की 140 स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित शिविरों में 20 हजार से अधिक नागरिकों ने विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।शुभारंभ कार्यक्रम में संभाग आयुक्त भोपाल संजीव सिंह, कलेक्टर भोपाल कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत इला तिवारी , क्षेत्रीय संयुक्त संचालक डॉ.नीरा चौधरी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा, सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मध्यप्रदेश के धार जिले से प्रारंभ किए गए स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया गया। जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कई गुना तेज रफ्तार से प्रगति की के नए सोपान गढ़ रहा है। देश का प्रत्येक नागरिक हर कदम पर उनके साथ खड़ा हुआ है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को आयुष्मान भारत जैसी क्रांतिकारी योजना दी है। महिलाओं के स्वास्थ्य की प्राथमिकता को देखते हुए उनके द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान की शुरुआत की गई है।17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थानों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। 17 सितम्बर को जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल काटजू, बैरागढ़, बैरसिया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर एवं कोलार में आयोजित विशेषज्ञीय स्वास्थ्य शिविर में 10 हजार से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविरों में महिलाओं के स्वास्थ्य परामर्श, उपचार एवं जांच की विशेष रूप से सेवाएं दी गईं।

### गोरखपुर सांसद, अभिनेता रवि किशन ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं की सफाई कर माल्यार्पण किया

भोपाल।(आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़े रूप में भोपाल जिले के सभी 31 मंडलों में आयोजित किया गया। जिसमें महापुरुषों की प्रतिमाओं एवं अस्पतालों में स्वच्छता अभियान चलाकर मरीजों को फल वितरण एवं श्रमिक बस्तियों में मिठाईयां बांटी गई।

भोपाल सांसद आलोक शर्मा द्वारा रानी कमलापति मंडल में 75 हनुमान चालीसा पाठ ब्राह्मणों द्वारा किया गया। साथ ही हवन पूजन एवं भोजन प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर वार्ड 13 के पार्षद जिला उपाध्यक्ष मनोज राठौर उपस्थित रहे।भोपाल जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति ने बताया कि उत्तरप्रदेश से गोरखपुर सांसद रवि किशन ने बोर्ड आफिस चौराहा स्थित बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण कर किया। यति ने कहा कि सेवा पखवाडा के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान में प्रधानमंत्री जी के स्वच्छ भारत निर्माण के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## ग्राम मुगालिया हाट में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ



भोपाल(आरएनएस)। ग्राम मुगालिया हाट में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत भोपाल एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसके अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, प्रमुख सचिव पी. नरहरि उपस्थित रहे। अभियान के दौरान उपस्थित गणमान्यों एवं ग्रामीणजनों ने सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखा।अभियान के तहत ग्राम पंचायत परिसर एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण, हैंडपंप एवं जलस्त्रोतों का क्लोरीनेशन, सफाई अभियान तथा स्वच्छता शपथ जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता, जल संरक्षण और पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही छात्रा/छात्राओं को बीमारियों से बचने हेतु हाथ धुलाई अभियान अंतर्गत हाथ धुलाई के बारे में बताया गया साथ ही इसके लाभ से जागरूक किया गया व ग्राम के सफाई मित्रों का अभिवादन किया गया। हाथ धुलाई कार्यक्रम का प्रदर्शन स्कूलों के छात्रों को पीएम द्वारा हैंड वाश करके दिखाया गया एवं सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया । इस अवसर पर प्रमुख अभियंता एस के अंधवान, मुख्य अभियंता (भोपाल परिक्षेत्र), अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, हुजूर तहसील के एस.डी.एम., आर ई एस एवं जनपद पंचायत के अधिकारी तथा ग्राम पंचायत मुगालिया हाट के सरपंच सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को धार के भैंसोला से इंदौर पहुंचे और खजराना मंदिर में भगवान श्री गणेश की पूजा कर आशीर्वाद लिया।

# गुना में भीषण सड़क हादसा, यात्री बस पलटी, छह यात्री घायल, टली बड़ी अनहोनी

## म्याना थाना क्षेत्र के डुगाँसरा के पास अनियंत्रित हो पलटी

गुना (ए.) । जिले में नेशनल हाइवे पर बुधवार सुबह बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। म्याना थाना क्षेत्र के डुगाँसरा के पास सुबह करीब 5 बजे भोपाल से ग्वालियर जा रही यात्री बस अचानक डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। इस हादसे में छह यात्री घायल हुए हैं, जबकि कई अन्य को मामूली चोटें आईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस अचानक तेज आवाज के साथ डिवाइडर से टकराई और बेकाबू होकर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि बस के अंदर बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते पूरे माहौल में अफरातफरी फैल गई। ग्रामीण मौके पर दौड़ पड़े और यात्रियों को सुरक्षित निकालने में जुट गए। थोड़ी ही देर में पुलिसकर्मी भी पहुंच गए और राहत व बचाव कार्य शुरू किया।

घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जबकि अन्य यात्रियों को हल्की चोटों के



कारण मौके पर ही प्राथमिक इलाज उपलब्ध कराया गया। पुलिस की FRV टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर दूसरी बस की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गंतव्य की ओर रवाना किया। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। शुरुआती अनुमान है कि सड़क पर गड्ढे बचाने की कोशिश में बस का संतुलन बिगड़ गया होगा या फिर चालक को नींद की झपकी आ गई होगी।

## सेवा पखवाड़ा अभियान के शुभारंभ पर नगर पालिका टीकमगढ़ में किया गया सफाई कर्मचारियों का किया गया सम्मान



टीकमगढ़(आरएनएस)। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर आज कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार नगर पालिका टीकमगढ़ में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर श्रमदान कर सफाई की गई। इस दौरान नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया द्वारा सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया गया। सेवा पखवाड़ा अभियान अंतर्गत 2 अक्टूबर 2025 तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। इस अवसर पर नगरीय निकाय के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व को प्रोत्साहित करना : मंत्री श्री कुशवाहा

## सेवा पखवाड़ा का रक्तदान शिविर और पौध-रोपण से शुभारंभ



शाजापुर (आरएनएस)। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने शाजापुर जिला मुख्यालय पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म-दिवस के अवसर पर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में सेवा पखवाड़ा आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर मंत्री श्री कुशवाहा ने कहा कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक आयोजित किये जाने वाले सेवा पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य जन-भागीदारी, स्वच्छता सेवा और जन-कल्याणकारी कार्यक्रमों को व्यापक स्वरूप देना है। नागरिकों में स्वच्छता, सेवा और सामुदायिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करना है। शाजापुर जिला मुख्यालय के शांतिवन परिसर में वृक्षारोपण, जिला चिकित्सालयों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा "घर में पकायेंगे-घर में खायेंगे" प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है।

इस अवसर पर विधायक अरुण भिमावद, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमराज सिसोदिया सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

## *वर्धा डैम के 3 गेट खोले गए, तेज बारिश से जल स्तर में वृद्धि*

*बैतूल ,(आरएनएस)। तेज बारिश के चलते वर्धा माध्यम परियोजना अंतर्गत चन्दोरा डैम और परसाडोह मध्यम परियोजना के जल संग्रहण क्षेत्र में जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इसी कारण बुधवार दोपहर 2 बजे वर्धा डैम के 3 गेट 0.50-0.50 मीटर तक खोले गए। डैम प्रबंधन के अनुसार गेट खोलने से वर्तमान में 93.15 क्यूबिक मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा है। फिलहाल डैम का जलस्तर 672.20 मीटर पर पहुंच गया है, जो कि डैम की कुल भराव क्षमता का 76.15 प्रतिशत है। विशेषज्ञों ने बताया कि इस वर्ष वर्धा डैम का जलस्तर 671.50 मीटर तक ही बनाए रखना है, जबकि इसका पूर्ण भराव स्तर675.40 मीटर निर्धारित है। जलस्तर में और वृद्धि की संभावना को देखते हुए सतर्कता बरती जा रही है।*

# अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट ने लगातार बनाया 350 दिन उत्पादन करने का ऐतिहासिक रिकार्ड



अमरकंटक ,(आरएनएस)। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के अभियंताओं व कार्मिकों के समर्पण, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता से 210 मेगावाट स्थापित क्षमता की यूनिट लगातार 350 दिन तक संचालित होने में सफल हुई। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में यह प्रथम विद्युत उत्पादन यूनिट है जिसने लगातार 350 दिन तक लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड स्थापित किया। इस बात की पूरी संभावना है कि अगले 15 दिन में यह यूनिट लगातार 365 दिन का सतत् व निर्बाध विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान बनाएगी। अमरकंटक ताप विद्युत 210 मेगावाट क्षमता की यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन कर रही है। इससे पूर्व इस यूनिट ने इस यूनिट ने 27 अगस्त 2023 से 22 जून 2024 तक 300 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया था।इस यूनिट के सतत् बिजली उत्पादन करने से प्रदेश की बिजली की आपूर्ति को विश्वसनीय बनाने के पावर जनरेटिंग कंपनी के उद्देश्य में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विभिन्न मापदंडों में भी मिली उपलब्धि-210 मेगावाट की यूनिट ने जिस समय 350 दिन सतत् विद्युत उत्पादन करने का कीर्तिमान अर्जित किया तब इसने विभिन्न मापदंडों में भी उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

यूनिट ने 98.71 फीसदी प्लांट उपलब्धता फेक्टर (पीएएफ), 95.97 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 9.18 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन की उपलब्धि हासिल की। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने अमरकंटक ताप विद्युत गृह के यूनिट नंबर 5 के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई देते हुए उनकी सराहना करते हुए कहा कि समर्पण, कड़ी मेहनत व प्रतिबद्धता से लक्ष्य अर्जित करने का यह सर्वश्रेष्ठ व अनुकरणीय उदाहरण है।

# व्यापार समाचार

## रुपया 29 अगस्त के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंचा

मुंबई, (आरएनएस)। कमजोर डॉलर सूचकांक और फेडरल रिजर्व के नीतिगत फैसले से पहले अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में कमी के चलते भारतीय रुपया 29 अगस्त के बाद अपने उच्चतम स्तर पर कारोबार कर रहा है। रुपया बुधवार (17 सितंबर) को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.84 पर मजबूती के साथ खुला। शुरुआती कारोबार में 87.81 के स्तर को छू गया, जो पिछले बंद भाव 88.09 से 28 पैसे की बढ़त दर्शाता है। ब्रेंट क्रूड वायदा में गिरावट ने भी इसे प्रभावित किया है।



इस सप्ताह की शुरुआत में डॉलर सूचकांक 3 महीने के निचले स्तर पर पहुंच गया था, लेकिन बुधवार को थोड़ा सुधार के साथ 96.73 पर पहुंच गया। बेंट क्रूड वायदा 0.2 फीसदी की गिरावट के साथ 68.33 डॉलर (करीब 6,000 रुपये) प्रति बैरल पर आ गया, जिससे रुपये को और राहत मिली। निवेशक फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक के नतीजों का इंतजार कर रहे हैं, जहां 25 आधार अंकों की ब्याज दरों में कटौती की व्यापक उम्मीद है।

फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी के ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, डॉलर में नरमी और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के रुख से समर्थित, अमेरिकी डॉलर/रुपये में उतार-चढ़ाव बने रहने की उम्मीद है। उन्होंने बाहरी दबावों और नीतिगत अनिश्चितता के कारण मध्यम अवधि में जोखिम बने रहने की संभावना जताई है। सीआर फॉरेक्स एडवाइजर्स के प्रबंध निदेशक अमित पबारी ने कहा कि अगर गिरावट जारी रहती है तो रुपया 87.20 तक पहुंच सकता है।

# टैरिफ का असर : भारत का अमेरिका को निर्यात घटा, अगस्त में 16.3 प्रतिशत की आई कमी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। अमेरिका द्वारा भारतीय सामानों पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ का असर दिखने लगा है। भारत से अमेरिका को निर्यात किए जाने वाली वस्तुओं में भारी कमी आई है। अगस्त में भारत ने अमेरिका को कुल 6.7 अरब डॉलर की वस्तुएं निर्यात कीं, जबकि जुलाई में ये आंकड़ा 8 अरब अमेरिकी डॉलर था। ये इस साल एक महीने में निर्यात में आई सबसे बड़ी गिरावट है। थिंक टैंक जीटीआरआई ने ये जानकारी दी है।

जीटीआरआई के मुताबिक, जून की तुलना में जुलाई में निर्यात 3.6 प्रतिशत घटकर 8 अरब डॉलर रह गया था। वहीं, जून में भी मई की तुलना में 5.7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई थी। मई में कुल निर्यात 8.8 अरब डॉलर रहा था। इस साल केवल मई ही ऐसा महीना था, जिसमें निर्यात में वृद्धि हुई थी। मई में अप्रैल की तुलना में निर्यात 4.8 प्रतिशत बढ़कर 8.8 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। अप्रैल में निर्यात 8.4 अरब डॉलर था।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, निर्यात में गिरावट टैरिफ से जुड़ी है। 5 अप्रैल से अमेरिका ने 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया, लेकिन इसका असर कम हुआ, क्योंकि आयातकों ने अग्रिम खरीदी की। हालांकि, जून तक लगातार 10 प्रतिशत टैरिफ और असमंजस ने भारत की मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम करना शुरू कर दिया। इससे ऑर्डर



वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं की ओर स्थानांतरित हो गए, जिससे निर्यात में लगभग 6 प्रतिशत की गिरावट आई। जुलाई में गिरावट और बढ़ गई।

जीटीआरआई का मानना है कि सितंबर में निर्यात में और गिरावट आ सकती है, क्योंकि यह पहला महीना होगा, जो पूरी तरह से 50 प्रतिशत टैरिफ के दायरे में आएगा। श्रीवास्तव ने कहा, परिधान, र प्रतिशत और आभूषण, चमड़ा, झींगा और कालीन जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्र गंभीर दबाव में हैं, क्योंकि उनके वैश्विक निर्यात का 30-60 प्रतिशत या इससे ज्यादा हिस्सा अमेरिका को जाता है। दवाइयों और स्मार्टफोन पर टैरिफ नहीं लगा है यानी इन वस्तुओं पर प्रभाव कहीं ज्यादा गहरा है।

जीटीआरआई के अनुसार, अगर वित्त वर्ष 2026 के अंत तक 50 प्रतिशत टैरिफ लागू रहता है, तो भारत को अमेरिकी निर्यात में 30-35 अरब डॉलर का नुकसान हो सकता है। यह बड़ा झटका होगा, क्योंकि भारत के माल निर्यात में अमेरिका का योगदान लगभग 20 प्रतिशत है। श्रीवास्तव ने कहा, त्वरित राहत के बिना टैरिफ की यह लंबी दीवार नौकरियों के नुकसान का कारण बन सकती है और 2026 तक इसके समग्र व्यापार प्रदर्शन को कमजोर कर सकती है।

टैरिफ संकट के बीच भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर भी चर्चा कर रहे हैं। अमेरिका का प्रतिनिधिमंडल दक्षिण-मध्य एशिया के सहायक अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच के साथ एक दिवसीय दौरे पर भारत आया है। 16 सितंबर को दोनों पक्षों के बीच बैठक हुई है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता कृषि और डेयरी को लेकर अटका हुआ है। दोनों देशों में अब तक 6 दौर की वार्ता हो चुकी है।

## मेकमाईट्रिप ने शुरु की फूड ऑन ट्रेन सुविधा, जोमैटो से मिलाया हाथ

नईदिल्ली (आरएनएस)। ऑनलाइन ट्रैवल बुकिंग कंपनी मेकमाईट्रिप ने फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो के साथ साझेदारी करते हुए रेल यात्रियों के लिए सीट पर ही भोजन पहुंचाने के लिए फूड ऑन ट्रेन सुविधा शुरू की है। इसके तहत रेल यात्रियों को 130 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों पर 40,000 से ज्यादा रेस्टोरेंट से खाना उपलब्ध कराया जा सकेगा। यह साझेदारी रेल यात्रा के दौरान गुणवत्तापूर्ण भोजन की बढ़ती मांग को पूरा करने के प्रयास के तहत की गई है।

फूड ऑन ट्रेन सर्विस में नाश्ता, दोपहर का भोजन, रात का खाना और स्नैक्स शामिल हैं। यह डिलीवरी का सही समय बताने के लिए मेकमाईट्रिप के लाइव ट्रेन स्टेटस फीचर का इस्तेमाल करती है। इस तरह, यात्री की यात्रा के सबसे सुविधाजनक स्थान पर भोजन पहुंचाया जा सकेगा। इसके अलावा, त्यौहारों के मौके पर ग्राहकों को दिवाली स्पेशल कूपन भी मिलेगा, जिसका इस्तेमाल जोमैटो पर किए गए खाने के ऑर्डर पर किया जा सकेगा। मेकमाईट्रिप डिजिटल समाधानों के साथ रेल यात्रा के सभी पहलुओं को सरल बनाने की भी योजना बना रहा है। यात्री अब अपने पीएनआर विवरण का उपयोग करके जोमैटो पर 7 दिन पहले तक भोजन बुक कर सकते हैं। यह प्लेटफॉर्म बुकिंग से पहले मार्ग सुझाव, आस-पास के स्टेशन की जानकारी और सीट उपलब्धता का पूर्वानुमान प्रदान करता है।

# अमेरिका ने जापानी कारों पर टैरिफ घटाया

## दक्षिण कोरिया के साथ समझौते की भी बातचीत जारी



वाशिंगटन (ए.)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने जापानी ऑटोमोबाइल और उनके पुर्जों पर लगाए गए टैरिफ को इस सप्ताह से घटाकर 15 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले यह टैरिफ 27.5 प्रतिशत था, जिसमें 2.5 प्रतिशत बेस टैरिफ और 25 प्रतिशत वैश्विक क्षेत्र-विशिष्ट शुल्क शामिल था। यह बदलाव ट्रंप द्वारा जापान के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को लागू करने के लिए जारी कार्यकारी आदेश के तहत किया गया है। वाणिज्य विभाग के अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रशासन ने इसे संघीय रजिस्टर में नोटिस के रूप में प्रकाशित किया है। वहीं दक्षिण कोरियाई वाहनों पर अभी भी 25 प्रतिशत टैरिफ लागू है, जो 1962 के व्यापार विस्तार अधिनियम की धारा 232 के तहत लगाया गया है। इस कानून के तहत राष्ट्रपति को राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से आयातों को नियंत्रित करने का अधिकार प्राप्त है। अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच जुलाई में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत दक्षिण कोरियाई वाहनों पर भी टैरिफ घटाकर 15 प्रतिशत करने की सहमति हुई है, लेकिन इसकी विस्तृत शर्तों पर अभी बातचीत चल रही है। अमेरिका दौरे पर गए दक्षिण कोरिया के व्यापार मंत्री येओ हान-कू ने कहा कि कोरियाई कारों के लिए टैरिफ में कमी जितनी जल्दी हो सके लागू करने के लिए सियोल निरंतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर और अन्य अधिकारियों से बातचीत करने की योजना भी बताई। दक्षिण कोरिया के लिए अमेरिका एक प्रमुख ऑटो निर्यात बाजार है। पिछले साल दक्षिण कोरिया ने अमेरिका को 34.7 अरब डॉलर के लगभग 49.1 प्रतिशत कार निर्यात किए।

## अदाणी पोर्ट्स करेगा 30,000 करोड़ का बड़ा निवेश

### 2030 तक 1 बिलियन टन माल हैंडलिंग का लक्ष्य

मुंबई (ए.)। अदाणी पोर्ट्स और स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एपीएसईजेड) अगले दो वर्षों में अपने घरेलू ऑपरेशन को बढ़ाने के लिए लगभग 30,000 करोड़ का निवेश करने जा रहा है। यह निवेश मौजूदा वित्तीय वर्ष के 11,000-12,000 करोड़ रुपए के निवेश से दोगुना होगा। कंपनी का लक्ष्य 2030 तक सालाना 1 बिलियन टन माल संभालना है, जिसमें 850 मिलियन टन भारत के पोर्ट्स से और 140-150 मिलियन टन विदेशी पोर्ट्स से आएगा। वित्त वर्ष 26 में निवेश इस प्रकार होगा पोर्ट्स में 6,500-7,000 करोड़, लॉजिस्टिक्स में 2,300 करोड़, रिन्यूएबल्स में 1,500 करोड़ और मरीन सर्विसेज़ में 700-800 करोड़ खर्च किए जाएंगे। निवेश का बड़ा हिस्सा गुजरात के मुंद्रा, ओडिशा के धमरा और केरल के विजिन्जम पोर्ट्स में बर्थ और टर्मिनल बढ़ाने तथा विजिन्जम ट्रांसशिपमेंट हब के विस्तार में किया जाएगा। विजिन्जम हब ने लॉन्च के नौ महीनों में 1 मिलियन टीईयू से अधिक कंटेनर हैंडल कर लिए हैं। मुंद्रा पोर्ट पर रूसी क्रूड तेल लेकर आया प्रतिबंधित टैंकर स्पार्टनपहुंचा, जिसे एचपीसीएल-मित्तल इनर्जी लिमिटेड के लिए तेल उतारना था।

# भारत का एआई मिशन होगा और मजबूत

## बजट बढ़ाकर 20,000 रुपए करोड़ करने की तैयारी

नई दिल्ली (ए.)। भारत सरकार इंडिया एआई के तहत अगले पांच वर्षों में खर्च को 10,372 करोड़ से बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपए करने की योजना बना रही है। इस पहल का उद्देश्य देश को एआई तकनीक में आत्मनिर्भर बनाना और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाना है। मामले से जुड़े सूत्रों के अनुसार, बढ़ा हुआ बजट जीपीयू क्षमता बढ़ाने, स्वदेशी फाउंडेशन मॉडल विकसित करने और अधिक स्टार्टअप्स को शामिल करने में खर्च किया जाएगा। सरकार ने पहले ही चार स्टार्टअप सर्वम एआई, सॉकेट एआई, गण एआई और ज्ञानी एआई को चयनित किया है, जो भारत के लिए अलग-अलग क्षेत्रों में मल्टी-लैंग्वेज और एडवांस्ड एआई मॉडल्स तैयार कर रहे हैं। उदाहरण के तौर पर सर्वम एआई प्रशासनिक सेवाओं के लिए 120 अरब पैरामीटर वाला ओपन-सोर्स बना रहा है, जबकि ज्ञानी एआई वॉयस-बेस्ड, रीयल-टाइम स्पीच प्रोसेसिंग मॉडल तैयार कर रही है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव के अनुसार, भारत की जीपीयू क्षमता को 18,417 से बढ़ाकर 40,000 किया गया है। यह मिशन भारत को एआई स्टैक की हर परत—डेटा, मॉडल, क्लाउड से लेकर एप्लिकेशन तक में स्वतंत्र बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगा। सरकार आठ और कंपनियों को एआई मॉडल डेवलपमेंट के अनुबंध देने की प्रक्रिया में है, जिनमें टेक महिंद्रा, फ्रैक्टल, भारतजेन और जेनलूप शामिल हैं।



# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## विपक्ष में सुगबुगाहट होना लाजिमी

एनडीए उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन देश के उपराष्ट्रपति का चुनाव जीत गए हैं। उनके पक्ष में 452 वोट पड़े। कुल 767 सांसद इस वोटिंग में शामिल हुए। 15 वोट अमान्य कर दिए गए।विपक्ष के साझा उम्मीदवार बी सुदर्शन रेड्डी थे, जिन्हें तीन सौ फर्स्ट प्रिफरेंस वोट मिले। राधाकृष्णन की जीत पहले से ही तय थी क्योंकि संख्या बल एनडीए के पक्ष में था। हालांकि क्रॉस वोटिंग का संदेह व्यक्त किया जा रहा था। उपचुनाव के लिए कुल 98.2त्न वोटिंग हुई। तमिलनाडु के तिरुप्पुर में जन्मे राधाकृष्णन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक रहे हैं। 1974 में जनसंघ की कार्यकारिणी समिति के सदस्य बने। 1996 में तमिलनाडु भाजपा के सचिव बने।उसके बाद दो बार सांसद चुने गए पर कोयंबटूर से तीन बार हार का सामना भी किया। 2020-22 तक भाजपा केरल के चुनाव प्रभारी रहे। 2023 में झारखंड के राज्यपाल बनाए गए। फिर 2024 में उन्हें महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया। जुलाई में तब के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अचानक स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला देकर इस्तीफा दे दिया था। साठ दिन के भीतर चुनाव कराना आवश्यक है। इसके लिए चुनाव आयोग निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करता है, जो किसी सदन का महासचिव होता है।उपराष्ट्रपति का चुनाव परोक्ष होता है, जिसमें राज्य सभा और लोक सभा के सांसद शामिल होते हैं। मनोनीत सांसद भी अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं। राष्ट्रपति चुनाव में मतदान नहीं कर सकते। राधाकृष्णन को दक्षिण भारत में भाजपा के विस्तार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने का श्रेय दिया जाता है। विनम्र, मेधावी, मिलनसार और समाज सेवा को समर्पित राधाकृष्णन की तारीफ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कह चुके हैं कि उन्हें खेलों में गहरी रुचि है पर वे राजनीति में खेल नहीं खेलते।कपड़ा उद्योग के माहिर व्यवसायी राधाकृष्णन तमिलनाडु में हिन्दुत्व की विचारधारा का नेतृत्व करते रहे हैं। इसलिए विपक्ष में सुगबुगाहट होना लाजिमी है कि उनका झुकाव धर्म विशेष की तरफ हो सकता है। दक्षिण भारत में अपना प्रभाव बढ़ाने को बेताब भाजपा के लिए यह दूर की कौड़ी भी साबित हो सकती है।हालांकि नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति के दामन पर किसी भी तरह के भ्रष्टाचार या पक्षपात जैसे आरोपों के छींटें नहीं हैं मगर कोयंबटूर में हुए सिलसिलेवार विस्फोटों को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। संवैधानिक पदों पर रह चुके सीपी राधाकृष्णन अपने पूर्ववर्ती से अधिक माहिर और पारदर्शी हो सकते हैं।



*केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कोलकाता, पश्चिम बंगाल में संयुक्त कमांडर सम्मेलन (सीसीसी) 2025 को संबोधित करते हुए.*

# सोशल मीडिया प्लेटफार्म बंद आक्रोश को चिंगारी

राजेश मणि

आज नेपाल का आंदोलन विश्व पटल पर चर्चा का विषय बन गया है। भारी हिंसा के बाद प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली और गृह मंत्री ने इस्तीफा दे दिया है। गौरतलब है कि पहले भी नेपाल में आंदोलन होते रहे हैं-मधेश आंदोलन, माओवाद आंदोलन।

ये सभी आंदोलन अपने हक और अधिकार के लिए ही लड़ते रहे, परंतु बहुत ही कम समय में जो वर्तमान आंदोलन ने स्वरूप लिया है वह बहुत कुछ कह रहा है। 22 प्रदर्शनकारियों की मौत के बाद सरकार को झुकने के लिए मजबूर होना पड़ा।

दरअसल, इस ऐतिहासिक प्रदर्शन के पीछे सरकार द्वारा सोशल मीडिया पर (4 सितम्बर) प्रतिबंध लगाना रहा है। यह खबर पूरे नेपाल में आग की तरह फैल गई। आंदोलन की अगुवाई जेन जी समूह ने किया। जेन जी समूह 1997 से 2012 तक के बीच पैदा हुए लोगों का समूह है या यूं कह लीजिए नौजवानों का समूह है। सबसे बड़ी बात यह है कि किसी भी राजनीतिक संगठन से इस समूह का जुड़ाव नहीं है। जो तकनीकी रूप से भी सशक्त हैं या तमाम ऐसे तकनीकों का उपयोग करते हैं जिसमें सोशल मीडिया के भी सभी फॉर्म आते हैं। जेन जी समूह बांग्लादेश और श्रीलंका में भी चर्चा में हैं। युवाओं के समूह से 'नेपो किड' नाम से अभियान चलाया जिसमें उन्होंने सच बात की।

मसलन; राजनीतिक व्यक्तियों के परिवारों को अलग से तरजीह, राजनीतिक और प्रभावशाली व्यक्तियों के बच्चों को गलत तरीकों से अर्जित धन हासिल कर या उन बच्चों को विशेषाधिकार मिलना, उनका रहन-सहन, गाड़ियों में घूमना, पॉकेट खर्च सब अलग तरीके से दिखते थे। ये सारी बातें उन युवाओं के मन में चिढ़ और वैमनस्यता पैदा कर दिया, लेकिन वह ग्रुप कुछ कर नहीं पा रहा था, उनके सामने विवश था। इसके बाद सोशल मीडिया पर 'नेपो किड' नाम से अभियान चलाया गया, जिसमें इसके साथ उन राजनीतिक और प्रभावशाली लोगों के भ्रष्टाचार को भी धीरे-धीरे उजागर करने लगे। अब यह एक बड़ा समूह बन गया। जिसका परिणाम ये हुआ कि राजनीतिक और प्रभावशाली व्यक्ति सरकार पर दबाव बनाने लगे।

दिन-प्रतिदिन उनके कारनामे सामने आ रहे थे। इसके प्रभाव में सरकार को सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाना पड़ा। व्हाट्सएप, एक्स सहित 26 सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध लगाकर अभिव्यक्ति की





स्वतंत्रता को दबाने का आरोप लगाया था। इस दौरान प्रदशर्न हिंसक हो गया, जब प्रदशर्नकारियों ने संसद भवन के पास पुलिस के अवरोधकों को तोड़ दिया। प्रदशर्नकारियों को रोकने के आंसू गैस फिर गोली चलाया गया। जेन जी समूह प्रतिबंध के बाद और उग्र हो गया क्योंकि भ्रष्टाचार को भी इस आंदोलन के साथ जोड़ दिया गया। संसद परिसर में घुसने को उतारू आंदोलनकारियों की भीड़ ने हिंसक रूप ले लिया। हिंसा और मौत के बाद कुछ मानवाधिकार संगठन भी जुड़ गए और न्याय की मांग करने लगे। अब एक कौतूहल का विषय यह भी है कि सरकार ने सभी सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया बावजूद इतने लोग इकट्ठा कैसे हो गए?

यहां यह जानना जरूरी है नेपाली नागरिक सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो का उपयोग दैनिक चर्या में करते हैं-मैसेंजर, वाइबर, टिक टॉक आदि पर नेपाल में खूब बातें की जाती हैं। उनके सामान्य कॉल से कम पैसे में बात हो जाती है। टिक टॉक ने सरकार को आासन दिया था हम आप के साथ हैं। आपकी सूचना को लोगों तक पहुंचाएंगे। इस नाते टिक टॉक को प्रतिबंधित नहीं किया गया। यह आंदोलन कुछ अलग संकेत भी दे रहे हैं। सोशल मीडिया का इतना बड़ा ग्रुप तैयार हो गया है कि नौजवान या आम लोगों का भी बिना इसके दैनिक चर्या प्रारंभ नहीं हो रही है। वो अलग डिबेट का विषय है कि कितनी पॉजिटिविटी है, कितनी निगेटिविटी है, लेकिन चिंतन का विषय तो है। आंदोलन को देखते हुए भारतीय सीमा पर पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मुस्तैद है। इंडो-नेपाल बॉर्डर 1751 किलोमीटर लंबी है जिसपर निगरानी बढ़ा दी गई है। भारत-नेपाल सीमा पर कर्फ्यू जैसे हालात हैं। प्रदर्शन का असर भारत पर भी पड़ा है। बॉर्डर के बहुत सारे बाजार नेपाल आधारित हैं। संकेत यह भी है कि लोकतंत्र के लिए भ्रष्टाचार और राजनीतिक वर्चस्व के जरिए विशेष व्यक्ति होना, विशेष दर्जा प्राप्त करना, विशेष रूप से धन अर्जित करना जैसे पहले भी नुकसानदायक रहा है आज भी है। यह आंदोलन दूसरे के लिए सीख भी हो सकता है।

समान नागरिक अधिकार लागू रहे, समानता बनी रहे और संविधान की रक्षा होती रहे। कुल मिलाकर इस समय नेपाल की राजनीति में भारी उथल-पुथल जारी है और आंदोलन अभी स्थगित नहीं हुआ है। कानून-व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी नेपाल सरकार ने सेना को दी है । मंगलवार को नेपाल के युवाओं का उग्र रूप कई शहरों में देखने को मिला। मंगलवार दोपहर को प्रदशर्नकारियों ने नेपाल की संसद को फूंक दिया। प्रदशर्नकारियों ने इससे पहले प्रधानमंत्री ओली के निजी निवास के अलावा, कई नेताओं और पूर्व प्रधानमंत्रियों के निजी आवासों में तोड़फोड़ की। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि भारत, नेपाल में विरोध-प्रदशर्नों के दौरान कई नौजवानों की मौत से बेहद दुखी है और उसे उम्मीद है कि शांतिपूर्ण तरीके से मुद्दों का समाधान हो जाएगा। मंत्रालय ने यह भी कहा कि भारत पड़ोसी देश के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रही है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'एक करीबी मित्र और पड़ोसी होने के नाते, हम उम्मीद करते हैं कि सभी पक्ष संयम बरतेंगे और शांतिपूर्ण तरीकों व बातचीत के जरिए किसी भी मुद्दे का समाधान करेंगे।'

प्रदर्शनकारियों ने पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा को घर में घुसकर पीटा। वहीं, वित्त मंत्री विष्णु पोडौल को काठमांडू में उनके घर के नजदीक दौड़ाकर पीटा। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। इन हिंसक घटनाओं के बीच खबर है कि प्रधानमंत्री ओली को सेना अज्ञात स्थान पर ले गई है। इस हिंसा में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं। युवा बेरोजगारी, पलायन, चौपट हो चुकी अर्थव्यवस्था से पहले ही तनाव में था, वहीं सोशल मीडिया प्लेटफार्म बंद होने से इस आक्रोश को चिंगारी मिल गई। लगता है नेपाल के माहौल को खराब करने में किसी तीसरे का हाथ है।

# भारतीय हॉकी फिर ऊंचाइयों की तरफ बढ़ने तैयार

मनोज चतुर्वेदी

***भारतीय हॉकी टीम राजगीर में एशिया कप हॉकी चैंपियनशिप होने से कुछ पहले तक उसे अच्छे प्रदर्शन के लिए याद नहीं किया जा रहा था। वैसे भी भारतीय टीम फाइनल जैसे महत्त्वपूर्ण मुकाबलों में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए नहीं जानी जाती है, लेकिन इस चैंपियनशिप के फाइनल में पिछली चैंपियन दक्षिण कोरिया के खिलाफ भारत ने जिस तरह का प्रदर्शन किया, उससे लगने लगा है कि टीम फिर से ऊंचाइयों की तरफ बढ़ने के लिए तैयार है। भारत ने दक्षिण कोरिया पर 4-1 से जीत पाकर चौथी बार एशिया कप खिताब ही नहीं जीता बल्कि अगले साल अगस्त में नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया।***

भारतीय टीम एफआईएच प्रो लीग में खराब प्रदर्शन के बाद यहां आई थी। इस लीग के आखिरी यूरोपीय चरण में भारत ने आठ में से सात मैच हारकर बेहद निराश कर दिया था। इस प्रदर्शन की वजह से टीम नौ टीमों की लीग में आठवें स्थान पर रही। वह रेलीगेट होने से एक स्थान से बच गई। इसकी वजह से पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक दिलाने वाले कोच क्रेग फुल्टोन की काबिलियत पर भी सवाल उठने लगे थे। एशिया कप में भारत के शुरुआती प्रदर्शन से स्थिति और बिगाड़ दी।

इन प्रदर्शनों को देखने से भारत की क्षमता पर संदेह व्यक्त किया जाने लगा, लेकिन भारत ने सुपर फोर में चीन के खिलाफ और फिर फाइनल में दक्षिण कोरिया के खिलाफ शानदार प्रदर्शन से अपनी फिर से धमक बना दी। भारतीय कोच एफआईएच प्रो लीग में भारतीय प्रदर्शन के





बारे में कहते हैं कि इसमें खेले तो अच्छा पर नतीजे अच्छे नहीं निकाल सके। फुलटोन ने कहा, 'हम एफआईएच प्रो लीग में खेले तो अच्छा पर परिणाम अच्छे नहीं निकाल सके। पर हमने इसके बाद खामियों पर काम किया।

ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हाल-फिलहाल का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।' सही मायनों में इस ऑस्ट्रेलियाई दौरे ने ही एशिया कप की सही तैयारी कराकर जीत में अहम भूमिका निभाई। अब इस प्रदर्शन के बाद देश के हॉकीप्रेमी फिर से उत्साहित हो गए हैं और उन्हें टीम पर भरोसा बन गया है कि हम फिर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर झंडे गाड़ेंगे। भारत ने चीन हो या दक्षिण कोरिया दोनों के ही खिलाफ आक्रामक अंदाज में शुरुआत करके पहले कुछ मिनटों में गोल जमाकर खेल पर दबदबा बनाने की रणनीति अपनाई और यह रणनीति कारगर साबित हुई।

हरमनप्रीत की अगुआई वाला डिफेंस हो या अभिषेक की अगुआई वाली अग्रिम पंक्ति बहुत दमदार नजर आई। हरमनप्रीत का हमलों में आगे तक जाना और अभिषेक का डिफेंस के समय सर्किल में रहना टीम की फिटनेस का बताता है। वहीं जर्मनप्रीत, हार्दिक सिंह की अगुआई वाली हाफ लाइन भी गेंद को लगातार आगे रखने में सक्षम नजर आई। भारतीय टीम यदि इसी तरह खेलती रही, तो बहुत संभव है कि 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक में पदक का रंग बदल जाए और अगले साल विश्व कप में भारतीय टीम पोडियम पर चढ़ती नजर आए। भारतीय टीम इस चैंपियनशिप में अपने प्रदर्शन में लगातार सुधार करती नजर आई। आखिर में वह एक इकाई के तौर पर खेलती दिखी।

क्रेग फुल्टोन के कोच के रूप में आने के बाद भारतीय टीम एरियल पासों का इस्तेमाल करने लगी है। आमतौर पर एशिया की टीमें एरियल पासों वाले खेल को कम ही खेलती दिखती रहीं हैं। पर भारतीय टीम का अब यह भी प्रमुख अस्त्र बन गया है। इस मामले में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने महारत हासिल कर ली। उनके नपे-तुले स्कूपों पर कई बार प्रतिद्वंद्वी ठगे से नजर आए। दक्षिण कोरिया भी इस खूबी की वजह से मैच में अधिकांश समय बचाव करती नजर आई।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत वैसे तो किसी तारीफ के मोहताज नहीं हैं। वह पिछले पेरिस ओलंपिक में सर्वाधिक गोल जमाने वाले रहे हैं। वह अनुभव के साथ निरंतर निखरते नजर आ रहे हैं। पेनल्टी कॉर्नरों पर गोल जमाने में तो वह महारत रखते ही हैं। साथ ही हमले बनाने में भी उनकी अहम भूमिका रहने लगी है। भारत का पहले मिनट में खाता खुलवाने में भी उनकी भूमिका अहम रही। उन्होंने पहले ही मिनट में कोरियाई डिफेंस को छकाते हुए सर्किल में खड़े सुखजीत को पास दिया और उन्होंने रिवर्स शॉट से गोल भेद दिया।

भारत के चौथे गोल को जमाया भले ही अमित रोहिदास ने पर इसमें भी हरमनप्रीत की भूमिका बेहद खास रही। क्रेग फुलटोन ने कहा, 'मैंने पहले कहा था कि हम एशिया में नंबर एक बनना चाहते हैं और टीम में गहराई लाना चाहते हैं। हमें लगता है कि हम वहां पहुंच रहे हैं। हमने अच्छी तैयारी की और अच्छा प्रदर्शन किया। टीम के खिलाड़ी बेहद समझदार हैं। इसलिए वह जो भी कोशिश करते हैं, उसे अंजाम तक पहुंचाते हैं। हम विरोधी टीम के साथ अपनी टीम पर भी बहुत होम वर्क करते हैं और यह उसका ही परिणाम है।' भारत के विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने से अब उन्हें इसकी तैयारी के लिए पूरा एक साल मिलेगा। इसका हम सही उपयोग कर सकें तो 1975 के बाद पहली बार भारत खिताब की उम्मीद कर सकता है।

## आत्मा का दिव्य भाव

जो व्यक्ति दिव्य पद पर स्थित है, वह न किसी से ईर्ष्या करता है और न किसी वस्तु के लिए लालायित रहता है। जब कोई जीव इस संसार में भौतिक शरीर से युक्त होकर रहता है, तो समझना चाहिए कि वह प्रकृति के तीन गुणों में से छूट जाता है। लेकिन जब तक वह शरीर से बाहर नहीं आ जाता, तब तक उसे उदासीन रहना चाहिए। उसे भगवान की भक्ति में लग जाना चाहिए जिससे भौतिक देह से उसका ममत्व स्वतः विस्मृत हो जाए। जब मनुष्य भौतिक शरीर के प्रति सचेत रहता है तो वह केवल इन्द्रियतृप्ति के लिए कर्म करता है, लेकिन जब चेतना कृष्ण में स्थानान्तरित कर देता है, तो इन्द्रियतृप्ति स्वतः रुक जाती है। मनुष्य को इस भौतिक शरीर की आवश्यकता नहीं रह जाती है और न उसे भौतिक शरीर के आदेशों के पालन की आवश्यकता रह जाती है। शरीर के भौतिक गुण कार्य करेंगे, लेकिन आत्मा ऐसे कार्य से पृथक रहेगी। वह न तो शरीर का भोग करना चाहती है, न उससे बाहर जाना चाहती है। इस प्रकार दिव्य पद पर स्थित भक्त स्वयमेव मुक्त हो जाता है। उसे प्रकृति के गुणों के प्रभाव से मुक्त होने के लिए किसी प्रयास की कोई आवश्यकता नहीं रह जाती। भौतिक पद पर स्थित व्यक्ति शरीर को मिलने वाले तथाकथित मान-अपमान से प्रभावित होता है, लेकिन दिव्य पद पर आसीन व्यक्ति ऐसे मिथ्या मान-अपमान से प्रभावित नहीं होता। वह इसकी चिन्ता नहीं करता कि कोई व्यक्ति उसका सम्मान करता है या अपमान।

## कविता, संजीव-नी।

अब नई इस ग़ज़ल में बहर आई।
न तू आई ना तेरें बारे खबर आई।
महकती तेरी सांसे तरबतर आई।

महकते ख्वाबों को कौन रोक सकता
यादें तेरी यूं मेरे जेहन में जबर आई।

तुझसा ख्याल भी तेरा बेहद नाजुक
आने से तेरे देखो घर में बहार आई।

तुझ से मिले तो सदियां गुजर गई
घर में मेरे उदासी की खबर आई।

मुझसे मिलने-बिछड़ने के बीच,
इश्क की तेरे दिल में लहर आई।

ख्याल तिरा हवा में तैरता रहा यूं,
संजीव नई इस गजल में बहर आई।





मेष : कुछ नई अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता के लोगों के लिए लाभकारी अवसर मिलेंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था हेतु चिंतित होंगे।

बृषभ : किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

मिथुन : रोजगार में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। रोजगार संबंधी यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल भौतिक इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

कर्क : सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीतिज्ञों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। सगे-संबंधियों के बीच मधुरता कायम रहेगी।

सिंह : पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता के लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा।

कन्या : पिता के सहयोग से मुश्किल भरे दिनों में राहत मिलेगी। कुछ असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता ला सकता है। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

तुला : भावना से उद्वेलित आपका मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश मन में संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन में नकारात्मक विचार ला सकती हैं।

वृश्चिक : भौतिक महत्वकांक्षाएं अभावका का एहशास करेंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल व सकुशल पूर्ण करने में सक्षम होंगे।

धनु : भावनाओं पर नियंत्रण कर दायित्वों के प्रति सजग होना, आपके प्रगति का सूचक है। उच्छृंखलता व ब्यग्रता महत्वपूर्ण क्षेत्रो मे एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

मकर : महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन हेतु ब्यय के आसार है। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

कुंभ : किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटुवाणी मन को दुखित कर सकता है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

मीन : नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र मे मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिन्तित होगा। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंत्रण करें।

# मोहन के नेतृत्व में अब कॉटन कैपिटल बनने की राह पर मध्यप्रदेश

हर्षवर्धन पान्डे

मध्यप्रदेश अपनी समृद्ध कृषि विरासत के लिए जाना जाता है। यहां की उपजाऊ भूमि और विविध जलवायु ने इसे कपास उत्पादन का प्रमुख केंद्र बना दिया है लेकिन अब मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में राज्य न केवल देश का प्रमुख कपास उत्पादक बनेगा, बल्कि वैश्विक स्तर पर कॉटन कैपिटल के रूप में उभरेगा। यह यात्रा केवल कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि टेक्सटाइल उद्योग, सस्टेनेबल प्रोडक्शन और अंतरराष्ट्रीय निवेश को जोड़कर एक नई आर्थिक क्रांति की पटकथा को तैयार कर रहा है। देश का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में अब निवेश और रोजगार की दृष्टि से तेजी से उड़ान भर रहा है। धार जिले के बदनावर में धार जिले के भैंसोला गांव में प्रदेश का नया टेक्सटाइल हब स्थापित होने जा रहा है। यह परियोजना न केवल मध्यप्रदेश की आर्थिक तस्वीर को बदलेगी बल्कि लाखों लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी खोलेगी।

मध्यप्रदेश पहले से ही भारत का एक प्रमुख कपास उत्पादक राज्य है। राज्य के मालवा-निमाड़ क्षेत्र विशेष रूप से खरगोन, बुरहानपुर, धार और झाबुआ जिलों में कपास की खेती बड़े पैमाने पर होती है। यहां की काली मिट्टी कपास के लिए आदर्श है जो फसल को प्राकृतिक पोषण प्रदान करती है। मध्यप्रदेश के लगभग 18 जिलों में कपास की खेती होती है। करीब 6 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हर साल लगभग 24 लाख टन कपास पैदा होता है। देश का लगभग 40 प्रतिशत कपास मध्यप्रदेश से आता है शायद यही वजह है कि वस्त्र उद्योग के लिए मध्यप्रदेश सबसे मुफीद साबित हुआ है और धार के पीएम मित्रा पार्क की दिशा में एमपी के कदम तेजी से बढे हैं। पीएम मित्रा पार्क इस क्षेत्र के किसानों को उनके उत्पाद के लिए बेहतर मूल्य और स्थायी बाजार उपलब्ध कराएगा। परियोजना के तहत स्थापित होने वाली वस्त्र इकाइयां कटाई, बुनाई, रंगाई, छपाई और परिधान निर्माण जैसी सभी गतिविधियों को एकीकृत करेंगी। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्य में ऑर्गेनिक कॉटन का उत्पादन भी तेजी से बढ़ रहा है। मध्यप्रदेश के मालवा अंचल के जिलों में सबसे ज्यादा कपास उत्पादन होता है। इनमें प्रमुख रूप से इंदौर, धार, झाबुआ, अलीराजपुर, खरगौन, बड़वानी, खण्डवा और बुरहानपुर शामिल हैं। पिछले तीन वर्षों में कपास उत्पादन की स्थिति अच्छी रही है। वर्ष 2022-23 में 8.78 लाख मीट्रिक टन, 2023-24 में 6.30 लाख मीट्रिक टन और 2024-25 में 5.60 लाख मीट्रिक टन कपास उत्पादन हुआ। मध्यप्रदेश से वर्ष 2024-25 में 9,200 करोड़ रुपये से अधिक का टेक्सटाइल निर्यात हुआ है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों में भी कपास की अच्छी फसल ली जाती है। देश में ऑर्गेनिक कॉटन उत्पादन में मध्यप्रदेश अग्रणी है। यही वजह है कि वस्त्र उद्योग के लिए मध्यप्रदेश सबसे उपयुक्त राज्य साबित हुआ है। इसी पृष्ठभूमि के आधार पर धार को पीएम मित्रा पार्क की स्थापना के लिए चुना गया है। यह न केवल किसानों की आय बढ़ाएगा बल्कि वैश्विक ब्रांड्स के लिए एमपी को ग्लोबल हब बनाएगा। सीएम बनते ही डॉ. मोहन यादव ने निवेश को लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं जिससे निवेशकों का भरोसा मध्यप्रदेश की तरफ बढ़ रहा है।

भारत सरकार ने देश के 7 राज्यों में पीएम मित्रा पार्क यानी पीएम मेगा इंडीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपरैल की स्थापना को अंतिम रूप दिया है जिसमें तमिलनाडु के विरुद्धनगर, तेलंगाना के वारंगल, गुजरात के नवसारी, कर्नाटक के कलबुर्गी, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, मध्यप्रदेश के धार और महाराष्ट्र के अमरावती में पीएम मित्रा पार्क स्थापित होने जा रहे हैं जिसका उद्देश्य 70 हजार करोड़ रुपए का निवेश लाना और करीब 20 लाख रोजगार देना है। पीएम मित्रा पार्क प्रधानमंत्री के 5 एफ विजन फार्म टू फाइबर, फाइबर टू फैक्ट्री, फैक्ट्री टू फैशन, और फैशन टू फॉरेन पर आधारित है। करीब 2,158 एकड़ में विकसित हो रहा यह पार्क विश्व स्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित है। यहां 20 एमएलडी का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, 10 एमवीए का सौर ऊर्जा संयंत्र, पानी और बिजली की पुख्ता आपूर्ति, आधुनिक सड़कें और 81 प्लग-एंड-प्ले यूनिट्स जैसी व्यवस्थाएँ विकसित की जा रही हैं। श्रमिकों और महिला कर्मचारियों के लिए आवास और सामाजिक सुविधाएं इसे केवल औद्योगिक क्षेत्र नहीं, बल्कि आदर्श औद्योगिक नगर का रूप देती हैं। धार में स्थापित हो रहे देश के पहले पीएम मित्रा पार्क के शिलान्यास के पहले ही देश की अग्रणी 114 टेक्सटाइल कम्पनियों से 23 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके है।

## रामभद्रचार्य के कथा आयोजकों पर टेंट कारोबारी का 42 लाख हड़पने का आरोप, धमकी मिली

मेरठ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मेरठ में स्वामी रामभद्रचार्य की कथा का आयोजन करने वाले आयोजकों पर 42 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगा है। गाजियाबाद में एबी ग्रेशन एक्टिविटी कंपनी चलाने वाले टेंट व्यवसायी अनुज अग्रवाल ने बताया कि मेरठ में रामकथा के लिए ग्रेटर नोएडा में दिव्य शक्ति ट्रस्ट की महामंडलेश्वर लाडली सरस्वती से सौदा हुआ था। अग्रवाल ने बताया कि काम पूरा होने पर 42 लाख रुपये का आधा भुगतान नहीं किया जा रहा और धमकी मिल रही है।



अग्रवाल ने बताया कि 8 से 14 सितंबर तक सिविल लाइंस के भामाशाह पार्क में कथा हुई थी, जिसमें पहले पंडाल का काम 1.21 करोड़ रुपये में बताया गया था, लेकिन सौदा 87 लाख रुपये में तय हुआ। आयोजकों ने 20 लाख रुपये एडवांस दिए और कथा के दौरान 25 लाख रुपये चुकाए। कथा अचानक 2 दिन पहले खत्म हो गई और अब 42 लाख रुपये नहीं मिल रहे हैं। अग्रवाल के पास सौदे का प्रमाण भी है।

अग्रवाल का कहना है कि उन्हें सौदे के लिए मां लाडली सरस्वती ने ग्रेटर नोएडा में आम्रपाली स्थित आवास में बुलाया था। अब जब उनको भुगतान नहीं हुआ है तो वह कई बार फोन मिला चुके हैं, लेकिन कोई जवाब नहीं मिल रहा। अग्रवाल भुगतान की बात करने ग्रेटर नोएडा स्थित लाडली सरस्वती के आवास भी गए थे, लेकिन वहां उनकी सुरक्षा में तैनात गनर ने धमकी दी और दोबारा न आने को कहा।

## कांग्रेस को हटाना होगा प्रधानमंत्री मोदी की मां का एआई वीडियो

पटन,(आरएनएस)। बिहार की पटना हाई कोर्ट से मंगलवार को कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने पार्टी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां हीराबेन का एआई -जेनरेटेड वीडियो हटाने को कहा है। यह आदेश कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंत्री ने दिया है और पार्टी को सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से वीडियो हटाने को कहा है। कांग्रेस के खिलाफ भाजपा दिल्ली चुनाव प्रकोष्ठ के संयोजक संकेत गुप्ता ने शिकायत दर्ज कराई थी। वीडियो को 10 सितंबर को बिहार कांग्रेस इकाई ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था, जो पूरी तरह एआई से बना है। इसमें प्रधानमंत्री मोदी अपनी दिवंगत मां हीराबेन के बारे में सपना देखते हुए दिखाई दे रहे हैं, जो चुनावी राज्य बिहार में उनकी राजनीति को लेकर उनकी आलोचना कर रही हैं। एआई वीडियो में उनकी मां उनको राजनीति में उनका उपयोग न करने की नसीहत देते दिख रही हैं। इसको लेकर काफी हंगामा मचा था।

## ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने वीडियो जारी कर पीएम मोदी को जन्मदिन की बधाई दी

नईदिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है। इस मौके पर उनको सभी प्रमुख देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बधाई संदेश मिल रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने उन्हें वीडियो जारी कर अलग अंदाज में बधाई संदेश भेजा है। उन्होंने मोदी को न केवल शुभकामनाएं दी, बल्कि देशों के बीच संबंधों पर गर्व जताया है और जल्द ही मिलने की बात भी कही है। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री अल्बनीज ने वीडियो में कहा, मेरे मित्र प्रधानमंत्री मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। ऑस्ट्रेलिया को भारत के साथ इतनी गहरी दोस्ती पर गर्व है और हम ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय के अविश्वसनीय योगदान के लिए प्रतिदिन आभारी हैं। प्रधानमंत्री जी, मैं आपसे जल्द ही मिलने और दोस्ती व प्रगति के कई और वर्षों की कामना करता हूं। बता दें कि पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया में प्रवासी भारतीयों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन देखने को मिला था।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन ने कहा, नमस्कार, मेरे मित्र प्रधानमंत्री मोदी। आपके 75वें जन्मदिन पर मेरी और न्यूजीलैंड के आपके सभी मित्रों की ओर से बधाई। आप 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें न्यूजीलैंड आपके साथ है। हम चाहते हैं कि दोनों महान राष्ट्र वह सुरक्षा-समृद्धि प्राप्त करें जिसकी हमें तलाश है। मार्च में आपने जिस गर्मजोशी से मेरा स्वागत किया था, उसका बदला मैं न्यूजीलैंड में आपकी मेजबानी करके चुकाऊंगा।

# पराली जलाने पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, पूछा- ऐसे किसानों को जेल क्यों नहीं भेजती सरकार?

नईदिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाई है। कोर्ट ने पराली जलाने वाले किसानों को लेकर कहा कि सरकार इन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं करती। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाने वाले कुछ किसानों को जेल भेजने से दूसरों को सबक मिलेगा और ऐसी आदत पर लगाम लगेगी। कोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण एजेंसियों और राज्यों से पूछा कि वे सर्दियों से पहले वायु प्रदूषण रोकने के लिए क्या उपाय करेंगे और 3 हफ्ते के भीतर रिपोर्ट मांगी है।

कोर्ट ने राजस्थान, पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा सरकारों को कड़ी फटकार लगाई। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा, राज्य सरकार योजनाएं क्यों नहीं बनाती? अगर पर्यावरण की रक्षा करने का आपका सच्चा इरादा है तो फिर आप कार्रवाई करने से क्यों कतरा रहे हैं। कोर्ट ने राज्यों के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में रिक्त पदों को 3 महीने में भरने का भी आदेश दिया है।

कोर्ट ने पराली जलाने वाले किसानों पर भी सख्त नाराजगी जताई है।



कोर्ट ने कहा, सिर्फ जुर्माना लगाने से काम नहीं चलेगा, किसानों को जवाबदेह बनाना जरूरी है। पराली जलाने वाले किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य सिस्टम के लाभ से बाहर रखा जाना चाहिए। अगर कोई किसान कानून तोड़ते हुए पराली जलाता है, तो उसे आर्थिक रूप से भी दंडित किया जाना जरूरी है। सिर्फ जुर्माना भरना या चेतावनी देना पर्याप्त नहीं होगा। कोर्ट ने पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा कि उनके पीसीबी में पद खाली क्यों हैं। कोर्ट ने कहा, इन रिक्तियों ने पीसीबी को दंतहीन बना दिया है, जो प्रदूषण नियंत्रण में असमर्थ हैं। कोर्ट ने मुख्यमंत्रियों को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर रिक्तियां भरने की समयबद्ध योजना पेश करने का आदेश दिया है। पंजाब सरकार के वकील ने कहा, पिछले कुछ सालों में पराली जलाने के मामलों में कमी आई है। इस साल भी बहुत कुछ हासिल होगा।

कोर्ट ने कहा, किसान हमारे लिए खास हैं, क्योंकि वही हमें अन्न देते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि वे कानून तोड़ें। कोर्ट ने सरकारों को आदेश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि किसानों को पराली प्रबंधन की मशीनरी दी जाए और उनको बेहतर विकल्प दिए जाएं। कोर्ट ने किसानों पर सख्त निर्देश के साथ ये भी कहा कि किसानों को केवल खलनायक के रूप में पेश करना गलत है और उनका पक्ष भी सुना जाना चाहिए।




*केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर मुंबई में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में शामिल हुए।*

## डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की बात, दी जन्मदिन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज जन्मदिन है, वे 75 वर्ष के हो गए हैं। उनके जन्मदिन की पूर्व संध्या पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उनको फोन करके बधाई दी है। दोनों नेताओं ने बातचीत के बाद जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है, जिसमें विवादित मुद्दों को न उठाकर संयमित बातचीत का संकेत मिलता है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन युद्ध को लेकर ट्रंप के प्रयासों की सराहना की है, जिसका ट्रंप ने धन्यवाद कहा है।



ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर प्रधानमंत्री मोदी से बातचीत के बाद लिखा, अभी-अभी मेरे मित्र, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक शानदार फोन कॉल हुई। मैंने उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं! वे बहुत अच्छा काम कर रहे हैं। नरेंद्र, रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध समाप्त करने में आपके समर्थन के लिए धन्यवाद! बता दें कि कुछ दिन पहले भी ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी को सोशल मीडिया पर महान नेता बता चुके हैं। ट्रंप के संदेश के बाद मोदी ने एक्स पर लिखा, मेरे मित्र, राष्ट्रपति ट्रंप, मेरे 75वें जन्मदिन पर आपके कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। आपकी तरह, मैं भी भारत-अमेरिका व्यापक और वैश्विक साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। हम यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में आपकी पहल का समर्थन करते हैं। बता दें, ट्रंप द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद दोनों नेताओं के संबंधों में खटास आई थी।

## वैष्णो देवी यात्रा 22 दिनों के बाद फिर से शुरू, श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह

जम्मू, (आरएनएस)। भारी वर्षा और लैंडस्लाइड के चलते 22 दिनों तक स्थगित रहने के बाद वैष्णो देवी तीर्थयात्रा आज बुधवार 17 सितंबर को दोबारा शुरू हो गई. तीर्थयात्रा के पुन: चालू होने से श्रद्धालुओं को राहत और खुशी दोनों मिली है, जिनमें से कई कटरा में मंदिर के पुन: खुलने का इंतजार कर रहे थे. जानकारी के मुताबिक देश भर से तीर्थयात्री पहुंचने शुरू हो गए हैं और खुशी जता रहे हैं कि उनका लंबा इंतजार आखिरकार खत्म हुआ और अब वे पवित्र मंदिर में मां के दर्शन कर सकेंगे.बता दें, वैष्णो देवी यात्रा 14 सितंबर को शुरू होनी थी, लेकिन यहां प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण लगातार 20वें दिन स्थगित रही. भवन और उस तक जाने वाले मार्ग पर लगातार बारिश के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई. अधिकारियों ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला दिया क्योंकि लगातार बारिश से भूस्खलन हुआ है और मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं, जिससे तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा असुरक्षित हो गई है.झजम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग भी भूस्खलन और सड़क क्षति के कारण कई बिंदुओं पर बाधित है, जिससे संपर्क और जटिल हो गया है।

# उत्तर प्रदेश-बिहार में भारी बारिश का अलर्ट, पहाड़ी राज्यों में जारी है बारिश की आफत

नईदिल्ली (आरएनएस)। मानसून की विदाई से पहले कुछ राज्यों को खूब भिगो रहा है। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र में बारिश ने जमकर तबाही मचा रखी है। भूस्खलन, नदी-नालों में उफान और बाढ़ जैसे हालातों ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने उत्तराखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 2 दिनों तक बहुत भारी बारिश की संभावना जताई है। दूसरी तरफ राजस्थान, गुजरात और पंजाब के कुछ हिस्सों से मानसून वापसी करेगा।

शुष्क पछुआ हवाओं और नमी से भरी पूर्वी हवाओं के बीच टकराव के कारण हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के कुछ हिस्सों में मंगलवार रात को भारी बारिश हुई। उत्तराखंड में अगले 2 दिनों तक भारी बारिश होने की आशंका जताते हुए मौसम विभाग ने लोगों को सावधान रहने की हिदायत दी है। हिमाचल प्रदेश के 5 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। धर्मपुर, मनाली और बंजार में बारिश से हुए नुकसान के चलते स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे।



उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम ने पलटा खाया है। अगले 2 दिनों तक पूर्वी हिस्से में झमाझम बारिश होने के आसार हैं। इसके बाद मानसून का जोर कमजोर पड़ जाएगा। बिहार के सभी 36 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दारौन 40 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा भी चलेगी। मध्यप्रदेश के खरगोन और बड़वानी में 24 घंटे के अंदर तेज बारिश का अलर्ट है, जबकि झारखंड़ में अगले 3 दिन बारिश के आसार हैं।

बाढ़ की त्रासदी झेल चुके पंजाब के कुछ जिलों में 17-18 सितंबर को हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। हरियाणा में मानसून फिर सक्रिय हो गया है, जिसके चलते 15 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। 20 सितंबर को दोनों राज्यों से मानसून की विदाई हो सकती है। दूसरी तरफ आधे राजस्थान से मानसून की विदाई हो गई है। बुधवार शाम से प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश का दौर फिर शुरू हो सकता है।

दिल्ली में फिलहाल बारिश का दौर थम गया है। बुधवार को आंशिक रूस से बादल छाए रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 35 डिग्री तक और न्यूनतम 23-25 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। आईएमडी ने महाराष्ट्र के ज्यादातर जिलों के लिए ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है, वहीं चेन्नई के लिए 19 सितंबर तक येलो अलर्ट रहेगा। इसके अलावा तेलंगाना के 4 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

# रवीश कुमार समेत कई यूट्यूबर्स को गौतम अडाणी से जुड़ी वीडियो हटाने का आया ईमेल



नईदिल्ली, (आरएनएस)। यूट्यूब की ओर से भारत के स्वतंत्र पत्रकारों को एक ईमेल आया है, जिसमें उद्योगपति गौतम अडाणी से जुड़ी खबरों के वीडियो हटाने को कहा गया है। यह दावा रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता पत्रकार रवीश कुमार और अभिसार शर्मा जैसे पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर किया है। उन्होंने ईमेल का कुछ अंश भी साझा किया है। पत्रकारों ने बताया कि यूट्यूब ने कहा है कि वीडियो न हटाने पर वह खुद भी वीडियो को डिलीट कर सकता है।

पत्रकारों ने दावा किया है कि यूट्यूब ने कुल 138 वीडियो और 83 इंस्टाग्राम पोस्ट हटाने को कहा है। यही नहीं, जो यूट्यूबर इस पर वीडियो बनाएगा कि अडाणी के वीडियो टेक डाउन करने के निर्देश दिए गए हैं, तो उसके वीडियो भी हटा दिए जाएंगे। रवीश कुमार ने इस कार्यवाही को अडाणी वीडियो टेक डाउन दिवस बताकर तंज कसा है। यूट्यूब के निर्देश के बाद यूट्यूबर्स में हलचल मच गई है, जिसमें कई यूट्यूब न्यूज चैनल भी शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, अडाणी समूह से जुड़ी खबरों पर रोक लगाने के दिल्ली कोर्ट के आदेश को कई स्वतंत्र पत्रकारों ने चुनौती दी है। पत्रकारों ने इसे प्रेस की स्वतंत्रता पर हमला बताया है। कोर्ट में एक अपील परंजॉय गुहा ठाकुरता और दूसरी अन्य अपीलें 4 पत्रकारों ने संयुक्त रूप से दायर की हैं। अपील में कहा गया है कि उनकी खबरों में अडाणी समूह और गौतम अडाणी का जिक्र है, न की अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एआईएल) का।यह मामला एआईएल के मानहानि से जुड़ा हुआ है, जिसमें दावा किया गया है कि कुछ पत्रकार और कार्यकर्ता भारत विरोधी हित से जुड़े हैं और समूह को निशाना बनाकर अपनी रिपोर्ट से परियोजनाओं और हितधारकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

## कर्नाटक के विजयपुरा एसबीआई में नकाबपोश बदमाशों का धावा

बेंगलुरु (आरएनएस)। कर्नाटक के विजयपुरा जिले से चौंकाने वाली खबर आई है। यहां के भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में मंगलवार शाम को हथियारों से लैस नकाबपोश बदमाशों ने धावा बोल दिया। उन्होंने जिले के चाडचन कस्बे की SBI शाखा में घुसकर बैंक कर्मचारियों को बंधक बना लिया और 58 करोड़ रुपये का सोना और 8 करोड़ रुपये की नकदी लूट ली है। सभी बदमाश डकैती को अंजाम देकर फरार हो गए हैं। उनकी तलाश जारी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, बदमाशों ने शाम को साढ़े 6 बजे उस समय धावा बोला, जब बैंक बंद हो चुका था और कर्मचारी अपना काम समेटकर घर जाने की तैयारी कर रहे थे। तभी सैन्य वर्दी पहने बदमाश देसी पिस्तौल लेकर अंदर घुस आए। उन्होंने प्रबंधक, कैशियर और कर्मचारियों को धमकाया और उन्हें अलार्म बटन दबाने से रोक दिया।

# जॉली एलएलबी 3 की रिलीज पर रोक की मांग खारिज, बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुनाया फैसला

मुंबई, (आरएनएस)। पिछले काफी समय से अभिनेता अक्षय कुमार की फिल्म जॉली एलएलबी 3 की खूब चर्चा हो रही है। जहां एक ओर सिनेप्रेमी फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर बीते दिनों बॉम्बे हाई कोर्ट में इसकी रिलीज रोकने के लिए याचिका दायर की गई थी। अब अदालत ने जॉली एलएलबी 3 के निर्माताओं के पक्ष में फैसाला सुनाया है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने फिल्म के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है।याचिका में आरोप लगाया गया था कि फिल्म में जजों और वकीलों का मजाक उड़ाया जा रहा है, जिससे न्याय व्यवस्था की गरिमा को ठेस पहुंचेगी। याचिकाकर्ता का कहना था कि फिल्म के ट्रेलर से ऐसा प्रतीत होता है कि इसमें कोर्ट रूम प्रक्रियाओं को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है। अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा, हम शुरुआत से ही ऐसे मजाक का सामना करते आए हैं, इसलिए चिंता मत कीजिए, हम पर इसका कोई असर नहीं होता।इससे पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि फिल्म का गाना भाई वकील है न्यायपालिका और कानूनी पेशे का अपमान करता है।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैदराबाद, तेलंगाना में हैदराबाद मुक्ति दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।

## सुप्रीम कोर्ट ने सीएक्यूएम, सीपीसीबी और राज्य बोर्डों से वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तीन हफ्ते में योजना बनाने को कहा

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सीएक्यूएम, सीपीसीबी और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को निर्देश दिया कि वे सर्दियों के मौसम की शुरुआत से पहले, जब प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है, तीन हफ्तों के भीतर वायु प्रदूषण को रोकने के उपाय पेश करें.

भारत के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों में रिक्तियों को लेकर राज्यों की खिंचाई की और उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और पंजाब जैसे राज्यों को तीन महीने के भीतर इन पदों को भरने को कहा.

पीठ ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी पॉल्यूशन (सीएक्यूएम) और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) को भी इसी तरह के निर्देश दिए. हालांकि, इसने राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों, सीएक्यूएम और सीपीसीबी में पदोन्नति पदों को भरने के लिए छह महीने का समय दिया.

## हैदराबाद की सेवानिवृत्त डॉक्टर हुई 70 घंटे डिजिटल गिरफ्तार, ठगी के बाद हार्ट अटैक से मौत

हैदराबाद(आरएनएस)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में साइबर अपराधियों ने 76 वर्षीय सेवानिवृत्त सरकारी डॉक्टर को 70 घंटे तक डिजिटल गिरफ्तार कर लिया, जिसके बाद उनकी मौत हो गई। अपराधियों ने 5 सितंबर को डॉक्टर को व्हाट्सऐप कॉल किया था और लगातार 3 दिन तक परेशान करते रहे। अपराधियों ने खुद को बेंगलुरु पुलिस का अधिकारी बताया और जाली दस्तावेज दिखाकर उन पर मानव तस्करी का आरोप लगाते हुए गिरफ्तार करने की धमकी दी। डॉक्टर ने जालसाजों को पैसे भी भेजे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, मालकपेट स्थित ममीडिपुडी नागार्जुन एरिया हॉस्पिटल की पूर्व मुख्य वरिष्ठ रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर को बेंगलुरु पुलिस के लोगो लगे नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आया था। कॉल करने वालों ने जाली दस्तावेज दिखाए, जिसमें सुप्रीम कोर्ट, प्रवर्तन निदेशालय और भारतीय रिजर्व बैंक की नकली मुहर थी। उन्होंने डॉक्टर पर मानव तस्करी का आरोप लगाकर पैसे न भेजने पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत गिरफ्तार करने की धमकी दी, जिससे वह काफी डर गईं।

# शार्ट शाइनिंग ड्रेस में अनन्या पांडे ने दिए किलर पोज, सेलेब्स ने लुटाया प्यार



अनन्या पांडे इन दिनों अपनी आगामी फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। हाल ही में इस फिल्म की शूटिंग खत्म हुई है। जिसके बाद अनन्या वेकेशन पर भी गईं। वहीं आज अनन्या ने सोशल मीडिया हैंडल पर अपना किलर लुक शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

अनन्या पांडे ने आज इंस्टाग्राम पर मिनी ड्रेस में तस्वीरें साझा कीं। अनन्या पांडे ने टोनी वार्ड की पारदर्शी मिनी ड्रेस पहनी हुई है, जो मेटैलिक एम्बेलिशमेंट और मनकेदार फ्रिंज से सजी है। सेक्विन और लटकनदार लटों ने इस ड्रेस को और खूबसूरत बना दिया। जब बात स्टेटमेंट-मेकिंग रेड-कार्पेट स्टाइल की आती है, तो अनन्या अपने ग्लैमर और हाई-फैशन से फैंस का दिल जीत लेती हैं। इस लुक के साथ अनन्या ने कैप्शन में लिखा, ड्रेसअप करके बहुत मजा आया।

अनन्या पांडे की इस पोस्ट पर अहान पांडे की मां डीन पांडे ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। अनन्या की मां भावना पांडे ने भी लाल दिल वाले और फायर इमोजी शेयर किए हैं। एक्ट्रेस इरा दुबे ने फायर इमोजी बनाए हैं। सीमा सचदेव ने लिखा, प्यार। वहीं अनन्या के फैंस ने उनके इस लुक पर फायर और लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं।

अनन्या पांडे जल्द ही फिल्म तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी में नजर आएंगी। इस फिल्म में अनन्या के साथ कार्तिक आर्यन नजर आएंगे। यह एक रोमांटिक कामेडी ड्रामा फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन समीर विदवान कर रहे हैं। इसका निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस और नम: पिक्चर्स ने किया है। यह फिल्म 13 फरवरी 2026 को रिलीज होगी।

## कपिल शर्मा की फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 की रिलीज तारीख से उठ गया पर्दा

बालीवुड के जाने-माने कामेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा काफी समय से अपनी आगामी फिल्म किस किसको प्यार करूं को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अनुकल्प गोस्वामी ने संभाली है। आए दिन इस फिल्म से जुड़ी नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब तक फिल्म के 4 पोस्टर रिलीज हो चुके हैं, जिन्हें काफी पसंद किया गया। आखिरकार अब किस किसको प्यार करूं 2 की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है।रिपोर्ट के अनुसार, किस किसको प्यार करूं 2 को 26 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जा सकता है। एक सूत्र ने कहा, निर्माता कई तारीखों पर विचार कर रहे हैं। इनमें से एक 26 सितंबर, 2025 है। उस दिन बहुत अधिक प्रतिस्पर्धा नहीं है। इस तारीख का बहुत महत्व है, क्योंकि फिल्म का पहला भाग 25 सितंबर, 2015 को रिलीज हुआ था। हालांकि, अभी तक इस बात पर अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।किस किसको प्यार करूं 2 में मनजोत सिंह भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अब्बास-मस्तान इस फिल्म के निर्माता हैं।

## जाह्नवी कपूर की होमबाउंड के ट्रेलर को लेकर आया अपडेट, नया पोस्टर जारी

नीरज घायवान के निर्देशन में बनी फिल्म होमबाउंड का दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं। यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि इसमें पहली बार ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर की तिकड़ी नजर आएगी। अब निर्माताओं ने होमबाउंड के 2 पोस्टर जारी किए हैं, जिसमें ईशान, विशाल और जाह्नवी की झलक दिख रही है। इसके साथ फिल्म के ट्रेलर की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है।

होमबाउंड का ट्रेलर आगामी आज 17 सितंबर को रिलीज होगा, वहीं यह फिल्म 26 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार है। करण ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, सभी रास्ते घर की ओर जाते हैं। इस फिल्म में हर्षिका परमार भी अहम भूमिका निभा रही हैं। होमबाउंड का प्रीमियर कान्स और टोरंटो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोह में हो चुका है, जहां इसने खूब वाहवाही लूटी। कान्स 2025 में इस फिल्म को 9 मिनट का स्टैंडिंग ओवेशन मिला था।

# बहुभाषी अभिनेत्री प्रिया आनंद जन्होंने अभिनय और मुस्कान से जीता दर्शकों का दिल

सिल्वर स्क्रीन पर अपनी मासूम मुस्कान और सहज अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाली प्रिया आनंद दक्षिण और हिंदी सिनेमा का एक जाना-पहचाना नाम हैं। भाषाओं और संस्कृतियों से गहरी जुड़ाव रखने वाली प्रिया आनंद को बचपन से ही अलग-अलग भाषाओं का शौक रहा, यही वजह है कि वह तमिल, तेलुगु, हिंदी, अंग्रेजी और मराठी तक अच्छे से बोल लेती हैं।

उनकी यह प्रतिभा उनके फिल्मी सफर में भी साफ झलकती है, जहां उन्होंने अलग-अलग भाषाओं और तरह-तरह के किरदारों को बखूबी निभाया है।

17 सितंबर 1986 को चोई में जन्मी और पली-बढ़ी प्रिया आनंद ने फिल्मों में आने से पहले ही माडलिंग और विज्ञापनों की दुनिया में अपनी पहचान बना ली थी। 2009 में तमिल फिल्म वामनन से डेब्यू करने वाली प्रिया आनंद ने जल्दी ही यह साबित कर दिया कि वह सिर्फ खूबसूरत चेहरा नहीं, बल्कि अभिनय करने में भी माहिर हैं।

प्रिया आनंद ने 180, इंग्लिश विंग्लिश, एथिर नीचल, वणक्कम चोई और फुकरे जैसी फिल्मों में काम किया है। हिंदी सिनेमा के दर्शक उन्हें श्रीदेवी के साथ इंग्लिश विंग्लिश और फुकरे के लिए याद करते हैं।

आज प्रिया आनंद को इंडस्ट्री में एक ऐसी एक्ट्रेस के तौर पर देखा जाता है जो ग्लैमर और टैलेंट दोनों का परफेक्ट काम्बिनेशन है। प्रिया आनंद वेटरन एक्ट्रेस



श्रीदेवी को अपना आदर्श मानती हैं। वो खुद को खुशकिस्मत समझती हैं कि वो श्रीदेवी के साथ काम कर पाईं।

इस फिल्म का नाम था इंग्लिश विंग्लिश; यह प्रिया आनंद की पहली हिंदी फिल्म थी। इस फिल्म से जुड़ा एक रोचक किस्सा है, कैसे उन्होंने बस श्रीदेवी का नाम सुनते ही इसके लिए हां कर दी थी। इस किस्से का जिक्र उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में किया था।

दरअसल, अभिनेत्री प्रिया आनंद बचपन से ही श्रीदेवी की बहुत बड़ी फैन रही हैं। जब इंग्लिश विंग्लिश के लिए उन्हें अप्रोच किया गया तो उन्होंने श्रीदेवी का नाम सुनते ही मूवी के लिए हां कह दी थी। इस फिल्म में उन्होंने श्रीदेवी की भतीजी राधा का किरदार निभाया था। यह एक छोटी सी भूमिका थी, लेकिन प्रिया आनंद ने यह फिल्म करने का फैसला सिर्फ एक कारण से लिया था, वो थीं श्रीदेवी।

प्रिया आनंद उस दिन को याद करते हुए कहती हैं कि उन्हें अपने करियर में कभी यह उम्मीद नहीं थी कि उन्हें इतनी जल्दी अपनी आदर्श (श्रीदेवी) के साथ काम करने का मौका मिलेगा। उनके लिए यह सिर्फ एक फिल्म नहीं थी, बल्कि अपने पसंदीदा कलाकार के साथ समय बिताने और उनसे कुछ सीखने का एक मौका था।

प्रिया ने यह भी बताया था कि जब वह सेट पर थीं, तो श्रीदेवी बहुत शांत और अपने काम में मगन रहती थीं, लेकिन दोनों में एक खास रिश्ता बन गया था। चूंकि दोनों दक्षिण भारतीय थीं, इसलिए वे एक-दूसरे से अपनी क्षेत्रीय भाषाओं में बात करती थीं। इस साझा संस्कृति और भाषा ने उन्हें एक-दूसरे के करीब ला दिया था।

# जाली एलएलबी 3 का एडवांस बुकिंग शुरु, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म ने रिलीज से पहले की करोड़ों में कमाई



अक्षय कुमार और अरशद वारसी स्टारर कोर्ट रूम कामेडी ड्रामा फिल्म जाली एलएलबी 3 अपनी रिलीज के लिए तैयार है. फिल्म आगामी 19 सितंबर को वर्ल्डवाइड सिनेमा पर रिलीज होने जा रही है. सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म की तीसरी किस्त में अक्षय और अरशद को साथ में लाया गया है. अब जगदीश त्यागी और जग्दीश्वर मिश्रा कोर्ट में आमने सामने होंगे और यही दर्शकों के लिए फिल्म का सबसे बड़ा प्वाइंट है. फिल्म के पिछले दोनों पार्ट दर्शकों के बीच पहले ही हिट हो चुके हैं. चलिए अब देखते हैं कि फिल्म के तीसरे पार्ट जाली एलएलबी 3 को दर्शकों का कैसा रिस्पांस मिलता है. नजर डालते हैं फिल्म की एडवांस बुकिंग कमाई पर.

जाली एलएलबी 3 ने भारत में हिंदी 2डी में 3536 शोज के लिए 20,793 टिकट सेल कर दिए हैं, जिससे उसकी 66,68, 765 रुपये की कमाई हो चुकी है. पूरे भारत में ब्लाक सीट के साथ फिल्म ने 2.02 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. फिल्म ने महाराष्ट्र में 633 शोज की टिकट सेल कर 17.19 लाख रुपये कमाए हैं. दिल्ली में 560 शोज के लिए टिकट सेल कर 21.9 लाख रुपये कमाए हैं. मुंबई में 318 शोज की टिकट सेल कर 6.83 करोड़ रुपये कमा लिए हैं. हैदराबाद में फिल्म ने डे 1 के लिए अभी तक 85.32 लाख रुपये कमाए हैं. कोलकाता की बात करें यहां 1.43 लाख रुपये, लखनऊ में 1.11 लाख रुपये, कानपुर में 62.49 रुपये कमाए हैं. बता दें, फिल्म लखनऊ और कानपुर की पृष्ठभूमि पर बनाई गई है.

फिल्म की रिलीज के अभी तीन दिन बचे हैं और एडवांस बुकिंग का यह आंकड़ा बताता है कि फिल्म 10 से 15 करोड़ रुपये से ओपनिंग कर सकती है. जाली एलएलबी (2013) ने ओपनिंग डे पर 3.12 करोड़ रुपये कमाए थे. सैकनिल्क की मानें तो जाली एलएलबी 2 (2017) ने भारत में पहले दिन 13.20 करोड़ रुपये से खाता खोला था.

## बाक्स आफिस पर बागी 4 ने तोड़ दिया दम, 11वें दिन लाखों में सिमटी कमाई

सिनेमाघरों में इन दिनों कई फिल्में लगी हुई हैं। इन्हीं में से एक है बागी 4, जिसके हीरो टाइगर श्राफ हैं। 5 सितंबर को रिलीज हुई इस फिल्म से निर्माताओं को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन बाक्स आफिस पर इसकी हालत पस्त है। पहले दिन से यह फिल्म दर्शकों के लिए तरसती दिख रही है। आलम यह है कि अब बागी 4 का कारोबार लाखों में सिमट गया है। आइए जानें फिल्म ने 11वें दिन बाक्स आफिस पर कैसा प्रदर्शन किया।

बाक्स आफिस का लेखा-जोखा रखने वाली वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, बागी 4 ने अपनी रिलीज के 11वें दिन यानी दूसरे सोमवार को 75 लाख रुपये कमाए। इस तरह 11 दिन में इस फिल्म ने 50.40 करोड़ रुपये कमा लिए हैं, जबकि फिल्म का बजट 80 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। बाक्स आफिस पर बागी 4 का सामना मिराई, द बंगाल फाइल्स, जुगनुमा, एक चतुर नार और परम सुंदरी जैसी फिल्मों से हो रहा है।

# वृषभ से मोहनलाल की नई झलक आई सामने, टीजर की रिलीज डेट से भी उठा पर्दा

मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार मोहनलाल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म वृषभ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। फिल्म वृषभ को लेकर एक के



बाद एक अपडेट सामने आ रहे हैं। अभी हाल ही में मेकर्स ने ऐलान किया था की वो जल्द ही फिल्म फिल्म वृषभ से मोहनलाल का नया लुक लोगों के सामने रखेंगे। अब मेकर्स ने अपना ये वादा पूरा कर दिया है। फिल्म वृषभ से एक्टर मोहनलाल का नया लुक सामने आ गया है। तो चलिए देखते हैं फिल्म वृषभ से सामने आया मोहनलाल का नया लुक कैसा है।

फिल्म वृषभ रिलीज से पहले एक बार फिर से खबरों में आ गई है। इसकी वजह वजह फिल्म वृषभ से सामने आया मोहनलाल का लुक है। मोहनलाल का लुक आते ही सोशल मीडिया पर छा गया। मोहनलाल इस पोस्टर में एक धांसू वारियर के रूप में दिख रहे हैं, हाथ में पावरफुल शील्ड थामे जो उनके स्ट्रान्ग और हीरोइक लुक को हाइलाइट कर रहा है। इस पोस्टर के साथ मेकर्स ने टीजर की रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया है। फिल्म वृषभ का टीजर 18 सितंबर को रिलीज होने वाला है। फिल्म वृषभ का धांसू पोस्टर सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। फिल्म के इस पोस्टर पर लोग खूब कमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। आपको बता दें कि फिल्म वृषभ के इस पोस्टर को मोहनलाल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किया है।नंदा किशोर के डायरेक्शन में बन रही फिल्म वृषभ में मोहनलाल के साथ रोशान मेक, शनाया कपूर, जाहरा एस खान जैसे सितारे अहम रोल में हैं। खबरों के मुताबिक ये फिल्म इसी साल 16 अक्टूबर को रिलीज हो सकती है।

# रोजाना हाई हील्स पहनने से हो सकती हैं ये 5 समस्याएं, जानिए



आमतौर पर महिलाएं अपने लुक को स्टाइलिश दिखाने के लिए हाई हील्स पहनती हैं, लेकिन क्या आप जानती हैं कि रोजाना इन्हें पहनने से कई सेहत संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। रोजाना हाई हील्स पहनने से पैरों के दर्द, पैरों में सूजन, जलन, और रीढ़ की हड्डी पर असर पड़ सकता है। आइए जानते हैं कि रोजाना हाई हील्स पहनने से क्या-क्या समस्याएं हो सकती हैं।

### पैरों में दर्द होना

हाई हील्स पहनने से पैरों में दर्द होना एक आम समस्या है। जब आप इन्हें पहनती हैं तो आपके पैरों का वजन पूरी तरह से आगे वाले हिस्से पर चला जाता है, जिससे दर्द हो सकता है। यह दर्द खासकर लंबे समय तक हाई हील्स पहनने पर ज्यादा होता है। अगर आपको पैरों में लगातार दर्द हो रहा हो तो डाक्टर से संपर्क करें और इन हील्स के उपयोग से बचें।

### पैरों में सूजन आना

हाई हील्स पहनने से पैरों में सूजन आना भी एक सामान्य समस्या है। लंबे समय तक इन्हें पहनने से आपके पैर सूज सकते हैं क्योंकि उनका वजन पूरी तरह से आगे वाले हिस्से पर होता है। इससे पैर दर्द कर सकते हैं और चलने-फिरने में दिक्कत हो सकती है। अगर आपको पैरों में लगातार सूजन महसूस हो रही हो तो डाक्टर से संपर्क करें।

### पैरों में जलन होना

हाई हील्स पहनने से पैरों में जलन भी हो सकती है। जब आप लंबे समय तक इन्हें पहनती हैं तो आपके पैर जल सकते हैं क्योंकि उनका वजन पूरी तरह से आगे वाले हिस्से पर होता है। इससे पैर दर्द कर सकते हैं और चलने-फिरने में दिक्कत हो सकती है। अगर आपको पैरों में लगातार जलन महसूस हो रही हो तो डाक्टर से संपर्क करें और हाई हील्स के उपयोग से बचें।

### रीढ़ की हड्डी पर असर पड़ना

हाई हील्स पहनने से रीढ़ की हड्डी पर भी असर पड़ सकता है। लंबे समय तक इन्हें पहनने से आपकी पीठ सीधी नहीं रहती है, जिससे रीढ़ की हड्डी पर दबाव पड़ता है। इससे पीठ दर्द हो सकता है और लंबे समय तक इसका असर सेहत पर पड़ सकता है। अगर आपको पीठ में लगातार दर्द हो रहा हो तो डाक्टर से संपर्क करें और हाई हील्स के उपयोग से बचें।

### संतुलन बनाए रखने में दिक्कत होना

हाई हील्स पहनने से संतुलन बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। लंबे समय तक इन्हें पहनने से आपका शरीर संतुलन खो देता है, जिससे गिरने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर अगर आप जल्दी-जल्दी चलती हैं या दौड़ती हैं तो यह समस्या ज्यादा होती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप कभी-कभार ही हाई हील्स पहनें ताकि आपके पैर सुरक्षित रहें और आप आराम महसूस करें।

# रोजाना पिएं एक गिलास कोकम का पानी, पेट की सूजन होगी कम और मिलेंगे ये फायदे

कोकम एक ताजगी देने वाला फल है, जिसका स्वाद खट्टा-मीठा होता है। यह फल ठंडक प्रदान करता है और कई तरह के व्यंजनों में शामिल किया जाता है। हालांकि, इसके सभी फायदे हासिल करने के लिए आपको रोजाना इसका पानी पीना चाहिए। खान-पान में कोकम का पानी शामिल करने से सूजन कम होती है और पाचन भी दुरुस्त रहता है। आज के लेख में हम आपको इस पौष्टिक पेय के मुख्य स्वास्थ्य लाभ बताएंगे।

### पहले जानें कोकम का पानी बनाने का तरीका

कोकम का पानी बनाने की रेसिपी बेहद आसान है, जो चंद मिनटों में तैयार हो जाता है। इसके लिए आपको सूखा हुआ कोकम फल, पानी, एक चुटकी काला नमक, भुने जीरे का पाउडर और ताजा पुदीने की पत्तियां चाहिए होंगी। सबसे पहले कोकम को पानी में भिगोकर रख दें। 30 मिनट बाद उसे छान लें और गिलास में निकाल लें। इसमें काला नमक, जीरे का पाउडर और पुदीने की पत्तियां शामिल करके मिलाएं और सेवन करें।

### पाचन को करता है दुरुस्त

वसा युक्त भोजन करने के बाद कोकम का पानी पीने से पाचन स्वास्थ्य दुरुस्त हो सकता है। यह पाचन एंजाइम और पित्त उत्पादन को बढ़ावा देता है, जिससे एसिडिटी की समस्या हल हो जाती है। इसमें साइट्रेट लाइज नामक एंजाइम भी होता है, जो अतिरिक्त कार्बोहाइड्रेट को वसा में बदलने का काम करता है। इसकी मदद से पेट



समेत शरीर की सूजन भी कम हो जाती है। यह पेय कब्ज की समस्या से भी निजाद दिलाता है।

### शरीर को करता है डिटाक्स और हाइड्रेट

शरीर को हाइड्रेट करने के लिए कोकम का पानी बहुत ही फायदेमंद साबित हो सकता है। साथ ही यह पेय शरीर को प्रभावी ढंग से डिटाक्स करने का भी काम करता है। यह लिवर के कार्य में सहायता करता है, जिससे विषाक्त पदार्थ शरीर से बाहर निकल जाते हैं। इसके अलावा इस पेय में चीनी भी कम होती है, जिस कारण यह ब्लड शुगर को नहीं बढ़ाता है और मधुमेह रोगियों के लिए भी सुरक्षित है।

### लालसा को करता है कम

कुछ लोगों को खाना खाने के बाद भी भूख लगती रहती है। इसकी वजह असल में लालसा होती है, जिसे कम करने के लिए कोकम का पानी पीना चाहिए। इस फल में हाइड्राक्सीसिट्रिक एसिड होता है, जो अच्छा महसूस करने वाले सेरोटोनिन हार्मोन को बढ़ाता है। यह हार्मोन लालसा को कम कर देता है, जिससे ज्यादा खाने की संभावना कम हो जाती है। इसे पीने से वजन घटाने में भी मदद मिल सकती है।

# कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की नई धमकी, भारतीय कॉन्सुलेट को निशाना बनाने की चेतावनी




टोरंटो (आरएनएस)। कनाडा में खालिस्तान समर्थक गतिविधियां एक बार फिर तेज हो गई हैं। चरमपंथी संगठन 'सिख्स फॉर जस्टिस' ने वैंकूवर स्थित भारतीय कॉन्सुलेट को निशाना बनाने की धमकी दी है। साथ ही भारतीय नागरिकों को उस क्षेत्र में न जाने की चेतावनी जारी की गई है।

SFJ ने एक पोस्टर जारी किया है जिसमें कनाडा में भारत के नए उच्चायुक्त दिनेश पटनायक की तस्वीर है। पोस्टर में उनके चेहरे पर क्रॉसहैर निशान लगाए गए हैं, जिसे जानकार खतरनाक संकेत मान रहे हैं। संगठन का आरोप है कि भारतीय कॉन्सुलेट खालिस्तानी समर्थकों की जासूसी में शामिल है।

एसएफजे ने भारतीयों से अपील की है कि वे गुरुवार (18 सितंबर) को वैंकूवर कॉन्सुलेट न आएं। बयान में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा 2023 में संसद में दिए गए उस बयान का हवाला दिया गया है, जिसमें उन्होंने खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स की भूमिका की जांच का उल्लेख किया था।

पिछले सप्ताह जारी एक रिपोर्ट '2025 असेस्मेंट ऑफ मनी लॉन्डरिंग एंड टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क इन कनाडा' में दावा किया गया कि कम से कम दो खालिस्तानी चरमपंथी समूह बब्बर खालसा इंटरनेशनल और इंटरनेशनल सिख यूथ फेडरेशन को कनाडा से वित्तीय सहायता मिल रही है।

ओटावा की खुफिया एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 1980 के दशक से कनाडा में मौजूद खालिस्तानी समर्थकों द्वारा भारत में अलगाववादी आंदोलन के लिए हिंसक तरीकों का उपयोग किए जाने की कोशिश की जाती रही है।

हालांकि, अभी तक भारत या कनाडा सरकार की तरफ से इस नई धमकी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि वैंकूवर कॉन्सुलेट की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ सकती है, खासकर तब जब हाल ही में भारत-कनाडा संबंधों में तनाव देखने को मिला है।

## डेनमार्क की प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को किया फोन, भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को मजबूत करने की प्रतिबद्धता

डेनमार्क(आरएनएस)। डेनमार्क की प्रधानमंत्री मैटे फ्रेडरिक्सन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई।



दोनों नेताओं के बीच हुई इस बातचीत में व्यापार, निवेश, नवाचार, ऊर्जा, जल प्रबंधन, खाद्य प्रसंस्करण और सतत विकास जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। प्रधानमंत्री मोदी ने डेनमार्क की मौजूदा यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अस्थायी सदस्यता की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।इस दौरान दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान और जल्द से जल्द शांति व स्थिरता बहाल करने के लिए भारत के निरंतर समर्थन को दोहराया। प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन ने भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते के शीघ्र निष्कर्षण के प्रति डेनमार्क के मजबूत समर्थन की पुष्टि की। उन्होंने वर्ष 2026 में भारत द्वारा आयोजित किए जाने वाले एआई इम्पैक्ट समिट की सफलता के लिए भी अपना समर्थन व्यक्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस बातचीत की जानकारी देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने अपनी हरित रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई।

## यूक्रेन पर रूस का भीषण हमला, 100 से अधिक ड्रोन और 150 बम; अब जेलेंस्की को हथियार देगा अमेरिका

कीव (आरएनएस)। रूसी सेना ने यूक्रेन के जपोरिजिया शहर पर बड़े हमले किए। रूस ने इस दौरान 100 से अधिक ड्रोन और लगभग 150 ग्लाइड बम दागे। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया कि अन्य शहर भी निशाने पर रहे। उन्होंने यूरोपीय नेताओं से अपील की है कि यूरोप की सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय एयर डिफेंस सिस्टम तत्काल उपलब्ध कराया जाए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर लिखा कि बीते दो हफ्तों में रूस ने 3,500 से अधिक ड्रोन, 2,500 से ज्यादा ग्लाइड बम और करीब 200 मिसाइलें यूक्रेन पर दागी हैं। उनका कहना है कि यूरोप की संयुक्त सुरक्षा केवल मजबूत वायु रक्षा प्रणाली से संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि जब तक रूस को भारी आर्थिक नुकसान नहीं होगा, वह युद्ध खत्म करने की दिशा में कदम नहीं उठाएगा। वहीं यूक्रेन ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए पश्चिमी रूस के सारातोव क्षेत्र में स्थित एक तेल रिफाइनरी पर रात में हमला किया।

**ग्लाइड बम से भारी तबाही**

गौरतलब है कि रूसी ग्लाइड बम लड़ाकू विमानों से ऊंचाई से गिराए जाते हैं, जिनका बचाव करना बेहद मुश्किल है। क्षेत्रीय प्रमुख इवान फेडोरोव के अनुसार, रूसी सेना ने मल्टीपल रॉकेट लॉन्च सिस्टम से भी 10 हमले किए, जिनमें 10 अपार्टमेंट इमारतें और 12 निजी घर क्षतिग्रस्त हुए। जपोरिजिया में इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हुई, जबकि चार बच्चों सहित 20 लोग घायल हैं। कई स्थानों पर आग भी लग गई। मायकोलाइव क्षेत्र में भी एक व्यक्ति की मौत हुई है।

**यूक्रेन में सैन्य फेरबदल**

रूस की बढ़त के बीच यूक्रेन के शीर्ष सैन्य कमांडर ओलेक्सांद्र सिर्स्की ने दो वरिष्ठ अधिकारियों को उनके पद से हटा दिया है। 17वीं सेना कोर के प्रभारी वोलोदिमीर सिलेंको और 20वीं सेना कोर के प्रमुख मैक्सिम कितुहिन को जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है। बताया जा रहा है कि सिलेंको की तैनाती जपोरिजिया क्षेत्र में थी, जहां निप्रो नदी के तट पर एक गांव पर से यूक्रेनी सेना का नियंत्रण खत्म हो गया। वहीं कितुहिन डोनेस्क क्षेत्र के पास तैनात थे, जहां रूस ने कई गांवों पर कब्जा कर लिया है।

**अमेरिकी हथियार सहायता को मंजूरी**

इसी बीच ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को अमेरिकी हथियार सहायता के पहले पैकेज को मंजूरी दे दी है। सूत्रों के अनुसार, यह सहायता एक नए वित्तीय समझौते के तहत सहयोगियों के साथ मिलकर भेजी जाएगी और जल्द ही कीव तक पहुंचाई जाएगी।

# रूस की जमीन पर भारतीय सेना के उतरते ही नाटो देशों में मची खलबली

मॉस्को(ए)। रूस और भारत के मधुर रिश्तों से समूची दुनिया परिचित है। फिर रूस जंग लड़ रहा हो और उसकी धरती पर भारतीय सेना का उतर जाए तो खलबली मचना स्वाभाविक है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अचानक इस अभ्यास का दौरा किया और बताया कि इसमें 1 लाख सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। यह संख्या बेलारूस की ओर से पहले बताए गए 7,000 से कई गुना ज्यादा है। नाटो के पूर्वी मोर्चे पर पहले से ही तनाव है। पिछले हफ्ते रूस के 21 ड्रोन पोलैंड की हवाई सीमा में घुस गए थे, जिसके बाद वारसॉ ने सीमा बंद करने और 40,000 सैनिक तैनात करने का ऐलान किया।

दरअसल, दोनों देशों के बीच 'जापाद-2025' नाम का एक बड़ा सैन्य अभ्यास हो रहा है। इस बड़े सैन्य अभ्यास में भारत भी शामिल हुआ है। अमेरिका के साथ टैरिफ विवाद के बीच ऐसा हो रहा है। ईरान के साथ-साथ अफ्रीकी महाद्वीप के कई साझेदार भी इसमें शामिल हुए हैं। खास बात यह है कि भारत की ओर से कुमाऊं रेजिमेंट के 65 जवान रूस के निजनी नोवगोरोद के पास मुलिनो ट्रेनिंग ग्राउंड पर तैनात किए गए हैं। हालांकि अगर आप यह सोच रहे हैं कि भारत के इस कदम से अमेरिका-भारत में तनाव बढ़ सकता है तो ऐसा नहीं है। क्योंकि अमेरिका खुद इस मिलिट्री





एक्सरसाइज में मौजूद है।

भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन सैनिकों की मौजूदगी का मकसद रूस के साथ रक्षा सहयोग और आपसी भरोसे को और मजबूत करना है। यहां भारतीय जवान अपने रूसी साथियों के साथ संयुक्त प्रशिक्षण, टैक्टिकल ड्रिल और हथियार संचालन की विशेष तकनीकें साझा करेंगे।

पहले जहां 'जापाद' अभ्यास को सिर्फ रूस और बेलारूस के बीच की कवायद माना जाता था, वहीं अब इसमें भारत, ईरान, बांग्लादेश, बुर्किना फासो, कांगो और माली जैसे देश भी जुड़ गए हैं। अमेरिका भी ऑब्जर्वर के तौर पर पहुंचा है। हालांकि इस अभ्यास के लिए वह रूस नहीं बल्कि बेलारूस में था।इस बार सबसे चौंकाने वाला पहलू यह रहा कि अमेरिका ने भी इन अभ्यासों को पहली बार 2022 के बाद नजदीक से देखा। पेंटागन ने पुष्टि की कि उसके रक्षा अटैची ने बेलारूस में आयोजित डिस्टिंग्विश्ड विजिटर डे में हिस्सा लिया। वहां अमेरिकी अधिकारियों ने बेलारूस के रक्षा मंत्री विक्टर ख्रेनिकोव से हाथ मिलाया और रूस के करीबी इस देश के साथ नई कूटनीतिक 'वॉर्मिंग अप' का संकेत दिया।विशेषज्ञ मानते हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बेलारूस को रूस से अलग करने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि ये रणनीति सफल होना मुश्किल मानी जाती है। एक और संभावना यह मानी जा रही है कि ट्रंप बेलारूस और के रूस से करीबी रिश्तों का फायदा उठाकर यूक्रेन युद्ध खत्म करने के लिए कोई समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं। इसी सिलसिले में ट्रंप ने हाल ही में बेलारूस की एयरलाइन बेलाविया पर लगे प्रतिबंध हटाए और बदले में मिन्स्क ने 52 राजनीतिक बंदियों को रिहा किया।

## पाक ने ही करवा दी ट्रंप की किरकिरीः विदेश मंत्री बोले- भारत ने तीसरे देश की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं की

लंदन , (आरएनएस) । पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने एक बयान ने एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप की किरकिरी करवा दी है। डार ने अपने बयान से ट्रंप के उस दावे को खारिज कर दिया जिस दावे में ट्रंप ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने की बात कही थी। डार के मुताबिक भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। इशाक डार ने दावा किया कि 10 मई को सुबह 8:17 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने उन्हें बताया था कि बहुत जल्द भारत और पाकिस्तान के बीच एक स्वतंत्र स्थान पर वार्ता होगी. लेकिन बाद में 25 जुलाई को जब उनकी वाशिंगटन में रुबियो से मुलाकात हुई तो उन्होंने कहा कि भारत ने इसे केवल द्विपक्षीय मामला बताते हुए तीसरे पक्ष की किसी भी भूमिका से इनकार कर दिया है। उन्होंने दावा किया है कि पाक शांतिप्रिय देश है। अगर भारत बात करना नहीं चाहता है तो हम भी उन पर दबाव नहीं डालेंगे।

# खेल समाचार

## भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने स्क्वाड का किया ऐलान

नईदिल्ली,(ए)। भारतीय क्रिकेट टीम 2 अक्टूबर से वेस्टइंडीज के साथ 2 टेस्ट मैचों की सीरीज खेलने वाली है. इस सीरीज के लिए वेस्टइंडीज ने बीती रात अपनी टीम का ऐलान कर दिया है. 14 अक्टूबर तक चलने वाली दो टेस्ट मैचों की इस सीरीज के लिए रोस्टन चेज को कप्तान बनाया गया है, जबकि जोमेल वारिकन को उप-कप्तान बनाया गया है.

इस समय टीम इंडिया एशिया कप 2025 में हिस्सा ले रही है. इसके बाद भारत और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम अगले महीने दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी. इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 2-6 अक्टूबर से शुरू होगा, जो अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा. इस सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 10-14 अक्टूबर तक दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा.

ये दोनों ही मैच आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेले जाएंगे, इसलिए ये और भी महत्वपूर्ण हैं. इस बीच वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने सीरीज से काफी पहले ही टीम की घोषणा कर दी है. इस टीम में कुछ नए और युवा खिलाड़ियों को भी मौका दिया गया है. इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि भारत की धीमी पिचों पर कौन अच्छा प्रदर्शन कर सकता है.

टीम की घोषणा करते हुए वेस्टइंडीज क्रिकेट निदेशक माइल्स बास्कोम्ब ने कहा कि, भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए चुने गए खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन के अलावा भारत की धीमी पिचों पर कौन अच्छा प्रदर्शन कर सकता है, इस पर भी ध्यान दिया गया है. उन्होंने यह भी कहा कि, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इस चक्र में वेस्टइंडीज की यह दूसरी सीरीज है, इसलिए एक बेहद मजबूत टीम चुनी गई है, जो भारत को उसके ही घरेलू मैदान पर चुनौती दे सकती है. बताया जा रहा है कि वेस्टइंडीज टीम 22 सितंबर को वेस्टइंडीज से रवाना होगी और 24 सितंबर को सीधे अहमदाबाद पहुंचेगी.

32 वर्षीय दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 2018 में पिछली बार भारत दौरे पर कैरेबियाई टीम की कप्तानी की थी. उन्होंने इस साल मार्च में कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था. घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बाद ब्रेथवेट को टीम से बाहर कर दिया गया था. इस सीरीज में वह चार पारियों में केवल 15 रन ही बना पाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 3 रन रहा.

## बांग्लादेश की अफगानिस्तान पर रोमांचक जीत, सुपर फोर की रेस हुई दिलचस्प

दुबई, (ए)। एशिया कप 2025 के ग्रुप बी के एक रोमांचक मैच में बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को 8 रनों से हरा दिया. जिसकी वजह से उनके सुपर फोर में पहुंचने की उम्मीदें अभी भी जिंदा हैं. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 154 रन बनाए और फिर अफगानिस्तान को 146 रनों पर समेट कर 8 रनो से शानदार जीत दर्ज की. इस जीत के साथ ग्रुप बी में तीन मैच के बाद बांग्लादेश के 4 पॉइंट्स हो गए हैं और वो श्रीलंका के बाद दूसरे स्थान पर है. जबकि अफगानिस्तान के दो मैच के बाद 2 अंक और उसे अब सुपर फोर में पहुंचने के लिए अपना अगला मैच जो श्रीलंका से होने वाला है वो जीतना जरुरी हो गया है।

# नीरज चोपड़ा वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे, पहले ही थ्रो में फेंका इतनी दूर भाला

तोक्यो(ए)। वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत की ओर से मेडल की सबसे बड़ी उम्मीद नीरज चोपड़ा ने अपना कमाल दिखाते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया। मौजूदा वर्ल्ड चैंपियन नीरज ने मेंस जैवलिन थ्रो में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत दमदार अंदाज में करते हुए सिर्फ एक ही बार में फाइनल के लिए क्वालिफाई कर लिया।नीरज ने 84.85 मीटर का थ्रो किया और वे क्वालीफाई कर गए।

अब नीरज चोपड़ा का जैवलिन थ्रो का फाइनल इवेंट 18 सितंबर को तोक्यो में होगा, जिसमें उनका सामना पाकिस्तान के अरशद नदीम, जर्मनी के जूलियन वेबर जैसे बड़े एथलीटों से सामना होने वाला है। नीरज चोपड़ा के पास पाकिस्तान के अरशद नदीम से पेरिस ओलंपिक का बदला लेने का अच्छा मौका होगा। अरशद ने पेरिस ओलंपिक 2024 में 92.97 मीटर के थ्रो के साथ गोल्ड मेडल जीता था। वहीं नीरज को




89.45 मीटर के थ्रो के साथ सिल्वर मेडल से ही संतोष करना पड़ा था। हालांकि, अब उनके पास वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अरशद से बदला लेने का अच्छा मौका है। जेवलिन थ्रो के मेंस इवेंट फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए एथलीट्स को 84.50 मीटर का थ्रो फेंकना था। नीरज चोपड़ा ने पहले ही थ्रो में इसको हासिल कर लिया। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता 27 वर्ष के नीरज क्वालीफिकेशन दौर में ग्रुप ए में थे। चोपड़ा सबसे पहले थ्रो फेंकने के लिये उतरे थे और फाइनल में जगह बनाने के साथ ही रवाना भी हो गए। स्वतः क्वालीफिकेशन का 84.50 मीटर का आंकड़ा छूने वाले या सर्वश्रेष्ठ 12 खिलाड़ी गुरुवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाएंगे। जर्मनी के जूलियर वेबर ने भी 87 . 21 मीटर के थ्रो के साथ क्वालीफाई कर लिया। ग्रुप ए में शामिल 19 खिलाड़ियों में केशोर्न वालकॉट, याकूब वालेश और भारत के सचिन यादव भी हैं। ग्रुप बी में पाकिस्तान के ओलंपिक चैम्पियन अरशद नदीम, एंडरसन पीटर्स, जूलियस येगो, रोहित यादव ,यशवीर सिंह भी हैं।

## टीम इंडिया का 'मिस्ट्री' स्पिनर बना T20 का बादशाह, ICC रैंकिंग में बने दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज




नई दिल्ली ,(ए)। एशिया कप 2025 में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के बीच स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी आई है। बुधवार को जारी हुई ICC की ताजा T20 रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती बन गए हैं। 34 वर्षीय इस 'मिस्ट्री' स्पिनर ने यह उपलब्धि हासिल कर एक नया इतिहास रच दिया है। वरुण चक्रवर्ती T20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले केवल तीसरे भारतीय खिलाड़ी हैं। उनसे पहले यह मुकाम सिर्फ जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई ही हासिल कर पाए थे। वरुण 733 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंचे हैं, उन्होंने न्यूजीलैंड के जैकब डफी (717 अंक) को पीछे छोड़ा। भारतीय गेंदबाजों में रवि बिश्नोई 8वें और अक्षर पटेल 12वें स्थान पर हैं। यह उपलब्धि इसलिए भी खास है क्योंकि वरुण चक्रवर्ती T20 में नंबर 1 बनने वाले तमिलनाडु के पहले खिलाड़ी हैं। 2021 में अपना T20 अंतरराष्ट्रीय डेब्यू करने वाले वरुण चक्रवर्ती ने अपने प्रदर्शन से लगातार प्रभावित किया है। उन्होंने अब तक खेले 20 मैचों में 35 विकेट झटके हैं। इस दौरान उनका इकॉनमी रेट महज 6.83 का रहा है, जो T20 फॉर्मेट में असाधारण माना जाता है। वह दो बार एक पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी कर चुके हैं।वरुण चक्रवर्ती मौजूदा एशिया कप में भी टीम इंडिया के लिए अहम भूमिका निभा रहे हैं।

हालांकि उन्होंने 2 मैचों में 2 ही विकेट लिए हैं, लेकिन उनका किफायती इकॉनमी रेट विरोधियों पर दबाव बनाने में सफल रहा है। दुबई और अबू धाबी की स्पिन-अनुकूल पिचों पर उनकी गेंदबाजी भारत के लिए 'ट्रंप कार्ड' साबित हो सकती है। फिलहाल, टीम के एक अन्य स्पिनर कुलदीप यादव ने 2 मैचों में 7 विकेट लेकर तहलका मचाया हुआ है, जिससे भारत का स्पिन आक्रमण बेहद खतरनाक नजर आ रहा है।

## एशिया कप में पाकिस्तान को धोने के बाद भारतीय खिलाड़ियों का टी20 रैंकिंग में धमाल

### -वरुण चक्रवर्ती बने दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज

नईदिल्ली,(ए)। टीम इंडिया टी20 फॉर्मेट में खेले जा रहे एशिया कप 2025 में हिस्सा ले रही है. इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने सिर्फ 2 मैच खेले हैं. इसी दौरान भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने धमाल मचा दिया है. उन्होंने रातों-रात टी20 अंतरराष्टीय क्रिकेट का नंबर 1 गेंदबाज बनकर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. वरुण को 2025 में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है और उन्हें ताजा आईसीसी पुरुष टी20 अंतरराष्टीय खिलाड़ी रैंकिंग में नंबर 1 गेंदबाज़ का दर्जा मिला है.

इसके साथ ही जसप्रीत बुमराह और रवि बिश्नोई के बाद चक्रवर्ती आईसीसी टी20 अंतरराष्टीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले केवल तीसरे भारतीय गेंदबाज हैं. चक्रवर्ती पिछले 12 महीनों में ही भारत की टी20 अंतरराष्टीय टीम में एक प्रमुख खिलाड़ी बन पाए हैं, लेकिन 34 वर्षीय इस गेंदबाज ने लगातार दमदार प्रदर्शन करके अपनी शानदार गेंदबाजी का परिचय दिया है, जिससे वह टी20 अंतरराष्टीय गेंदबाजी रैंकिंग में न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं.

## सूर्यकुमार बेहतरीन कप्तान के तौर पर उभरे : कैफ




मुम्बई (ए)। पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मुकाबले में अच्छी कप्तानी के लिए सूर्यकुमार यादव की प्रशंसा की है। कैफ ने कहा कि सूर्यकुमार ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच में शानदार बल्लेबाजी के साथ ही भारतीय टीम को एकतरफा जीत दिलायी। इस पूर्व बल्लेबाज ने कहा, सूर्यकुमार इस एशिया कप में एक बेहतरीन कप्तान के रूप में उभरे हैं। भारी दबाव वाले मैच में विजयी रन बनाना, गेंदबाजों पर नियंत्रण करना और सोशल मीडिया के प्रभाव से टीम को बचाना आसान नहीं था पर उन्होंने इसके बाद भी सब कुछ काफी अच्छे से संभाला। सूर्यकुमार ने टीम की जीत को भारतीय सेना और पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को समर्पित किया। इसके अलावा टॉस के दौरान और मैच के बाद भी पाक खिलाड़ियों से हाथ मिलाने से इंकार कर एक कड़ा संदेश भी दिया।

## युवा प्रतिभाओं को निखारने किसी पद पर रहना जरुरी नहीं : सानिया

दुबई (ए)। अनुभवी महिला टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने कहा है कि युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए किसी पद की जरुरत नहीं होती और वह खेलों के विकास में अपनी भूमिका निभाती रहेंगी। सानिया ने कहा कि खेल प्रशासन में वह किसी पद पर काम करने को लेकर अधिक उत्सुक नहीं हैं। इस खिलाड़ी ने कहा, ''मुझे नहीं लगता कि सहायता करने के लिए कोई बड़ा पद पर होना ही एकमात्र रास्ता है। वहीं अगर मुझे अवसर मिलता भी है तो भी मुझे नहीं लगता कि मैं अधिक कुछ कर पाउंगी। इसलिए मेरा मानना है कि भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी की सहायता के लिए कोई पद अधिक जरुरी नहीं है।



उन्होंने कहा, ''मेरा लक्ष्य युवा पीढ़ी के ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों और विशेषकर युवा लड़कियों की मदद करना है क्योंकि मुझे लगता है कि उनके पास ज्यादा आदर्श नहीं हैं जिनसे वे प्रेरणा ले सकें।'' सानिया ने कहा, ''मैं अपने अनुभव साझा करना चाहती हूं। और अगर मुझे इसके लिए किसी तंत्र में शामिल होने का अवसर मिलता है और इससे मुझे केवल फोन पर बात करने या कोर्ट पर उनकी मदद करने या किसी भी तरह की अन्य चीज से ज्यादा मौके मिलते है तो मुझे ऐसा करने में खुशी होगी।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन मेरा ये ही लक्ष्य नहीं है।''

सानिया ने कहा कि अभी देश में माया राजेश्वरन रेवती टेनिस की उभरती हुई प्रतिभा है। जिससे मुझे काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने कहा, 15-16 साल की किसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी को आगे बढ़ते हुए देखना और अपने आयु वर्ग के ऊपर वर्गों में भी अपनी पकड़ बनाए रखते हुए देखना अच्छा लगता है। इसके अलावा सानिया ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ डेविस कप मुकाबला में विजेता भारतीय पुरुष टीम की भी जमकर तारीफ की।

# अतृप्त आत्माओं की शांति के लिए पुण्यदायिनी मां नर्मदा के तट पर किया तर्पण और पिंडदान



नर्मदापुरम (निप्र)। माँ नर्मदा के पावन तट सेठानी घाट पर बीते अनेक वर्षों की तरह शहर के अनेक व्यापारियों व समाजसेवियों द्वारा अतृप्त आत्माओं की शांति के लिए पुण्यदायिनी मां नर्मदा के तट पर तर्पण और पिंडदान तर्पण किया गया। शहर के व्यापारी मनोहर बडानी ने बताया कि पुरखों की ग्यारस पर समिति के द्वारा पिछले लगभग पच्चीस वर्ष से अतृप्त आत्माओं व अकाल मौत तथा जिसके परिवार में कोई नही या किसी परिवार द्वारा तर्पण नही किया जाता तथा देश के शहीदों की आत्मा शांति के लिए व अकाल मृत्यु को प्राप्त हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिये माँ नर्मदा के तट पर विधिवत पिण्ड दान व तर्पण किया गया। जिससे आत्माओं को शांति व मोक्ष प्राप्त हो सके। साथ ही सभी का भला हो व सुख शांति बनी रहे। पिण्ड दान व तर्पण पश्चात् लड्डू कचौरी समौसे फल जलेबी व फलिहार का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया। इस तर्पण व पिंडदान के दौरान मनोहर बडानी, अधिवक्ता शैलेन्द्र गौर, समाजसेवी आचार्य राधे पंडित, अजय मदनानी रोहित संतोरे, बंटी करैया, गप्पू मंसूरिया तथा अनेक सहयोगी शामिल हुए। तर्पण व पिंडदान विधिवत रूप से आचार्य पं गोपाल प्रसाद खड्डुर के आचार्यत्व में हुआ ज्ञातव्य है कि शहर के स्वयंसेवी संस्था द्वारा श्रद्धा के साथ एकादशी को हर साल यह कार्यक्रम होता आ रहा है। इस सेवाभाव समिति के संस्थापक सुनील करैया के द्वारा अनेक वर्ष तक अपने साथियों के साथ मन लगाकर इस कार्य को संपन्न कराते रहे हैं। फिर यह परंपरा बन गई। जिसमें विजय चौकसे, एसके यादव, राजेश राठौर, बबलू राठौर सहित अनेक सेवभावी लोग भी कई वर्षों तक सहभागी बनते रहे हैं। इन समाजसेवियों का कहना है कि जिले और देश में हर साल बड़ी संख्या में लोगों की अकाल मृत्यु हो जाती है। कई लोगों की मौत प्राकृतिक आपदा में हो जाती है। जबकि कई लोग हादसों में दिवंगत हो जाते हैं। कई अज्ञात लोगों के शव भी मिलते हैं। इनमें से अधिकांश लोगों का विधिवत अंतिम संस्कार और तर्पण आदि नहीं हो पाता। ऐसे लोगों के तर्पण और पिंडदान के लिए ही यह कार्यक्रम हर साल किया जाता है।

## शासकीय उत्कृष्ट उमावि नर्मदापुरम में 03 दिवसीय नवाचार अंग्रेजी विषय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारंभ



नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय उत्कृष्ट उमावि नर्मदापुरम में 03 दिवसीय नवाचार अंग्रेजी विषय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डॉ मनीष वर्मा संयुक्त संचालक नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में प्रारम किया गया। प्रशिक्षण में संभाग हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम के कक्षा 6 से 10 तक अंग्रेजी विषयक अध्यापन कराने वाले मॉडल एक्सिलेंस, सांदीपनी, उमादि, एवं पी.एम.श्री स्कूलों के शिक्षकों के लिए आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कक्षा 6 से 10 तक अध्ययन करने वाले छात्र-छात्राओं के अंग्रेजी के प्रारंभिक ज्ञान को पाठ्य पुस्तक से जोड़कर किस प्रकार से आज के समय के अनुसार मुख्य धारा से जोड़ सकते है, से संबंधित है। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ संयुक्त संचालक नर्मदापुरम डॉ. मनीष वर्मा द्वारा मां सरस्वती के पूजन कर प्रारंभ किया गया। सह सयोजक सुदीप गौर प्राचार्य, संयुक्त संचालक कार्यालय द्वारा अधिकतम बच्चों को अंग्रेजी का लाभ प्राप्त हो इसके संबध में विचार व्यक्त किये। प्रशिक्षण के लिए भोपाल स्तर से प्रभारी के रूप में संजय जैन, अमन शर्मा, आयुष्मान व संमाग नर्मदापुरम से मास्टर ट्रेनर सन्नी गंभीर सिंह व हीरालाल कहार द्वारा सत्र की शुरुआत की गई।

## एक पंखा पितरों के नाम अभियान में आईटीआई प्राथमिक शाला में लगाए गए पंखे



नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में जिला शिक्षा केंद्र द्वारा चलाये जा रहे अभियान के तहत एक पंखा पितरों के नाम अभियान के तहत बुधवार को शासकीय प्राथमिक शाला आईटीआई मे दो पंखे स्कूल के बच्चो व शिक्षिकाओं को अंजू नारोलिया, रोमा नारोलिया व विराज नारोलिया ने भेंट किये। इस दौरान स्कूल के बच्चों को पितृपक्ष के बारे में जानकारी दी और महत्व समझाया ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी हमारी संस्कृति और हमारे पूर्वजो को जान सके साथ ही उनसे जुड़े रहे। बच्चे सहयोगी बनने की भी शिक्षा ले सकें । अंजू नारोलिया ने आमजन व प्रबुद्धजनों से भी आग्रह किया कि वे भी इस पुनीत कार्य मे जुड़ें और अपने पितरों के नाम से पंखे दानकर सहभागी बने। क्योकि हमारे भारतवर्ष का भाग्य इन्ही शिक्षा के मंदिरों से निकालकर देश को सुदृढ़ बनायेगें इसलिए हम अपने छोटे छोटे सहयोग से ही इन नोनिहालों और शिक्षकों के लिए पढ़ाई का सुगम महोल और सुविधा दे सकते है।

मेरा नौ साल का भतीजा विराज भी इस कार्य में सहभागी बना और वह इस सबको देखकर इतना प्रभावित हुआ कि मुझसे वोला बुआ मुझे आज बहुत अच्छा लगा और हम फिर कुछ सामान लेकर अगले हफ्ते फिर स्कूल चलेंगे। सभी सहयोगी बनें स्कूल के छात्र छात्राओं जिनमे कुछ दिव्यांग बच्चे भी है ने पहाड़े व गीत कविता भी सुनाई। अंजु नारोलिया ने कहा कि स्कूल पहुंचकर बचपन की सुनहरी यादें ताजा हो गई और अत्यंत सुखद अनुभूति हुई जिसे शब्दों मे बयां नहीं किया जा सकता। मुझे मेरी बचपन की स्कूल की सहपाठी जो वर्तमान में स्कूल में शिक्षिका है वर्षों बाद मिलना हुआ स्कूल के दिन याद आ गये। शाला परिवार की प्रधानपाठिका दीपा तोमर सुनीता सिंह संध्या मलैया प्रतिभा पुरोहित सहित शाला परिवार सांथ रहे । एक अत्यंत आत्मीय खुशी का माहौल बन गया।

## श्रीरामलीला महोत्सव का धूमधाम से हुआ शुभारंभ

### नारद मोह व शिव विवाह की लीला से हुई शुरुआत

नर्मदापुरम (निप्र)। बीते शताधिक वर्षों से नर्मदा तट पर होने वाली श्रीरामलीला का आयोजन बुधवार से शुरू हो गया है। श्रीरामलीला समिति सह सचिव सोनू वर्मा ने बताया कि श्री रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हो गया है। जिसके अंतर्गत रात्रि में ठीक 8 बजे से सेठानीघाट पर बने विशाल मंच से श्रीशंकर विवाह और श्री नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। बारिश होने की स्थिति में नर्मदा तट के सतसंग भवन में लीला का मंचन किया जाता है।अब लगातार विभिन्न प्रसंगों के आधार पर प्रतिदिन लीलाओं का मंचन किया जाएगा। लीलाओं का मंचन प्राचीन नर्मदा मंदिर के सामने सेठानीघाट पर मंचन हो रहा है। श्रीराम .रावण युद्ध की लीलाओं की प्रस्तुति दशहरा मैदान में की जाएगी। उत्तरभरत मिलाप और श्रीरामराज्याभिषेक लीला की अंतिम प्रस्तुति सेठानीघाट पर होगी। राम बारात के दिन नगर के प्रमुख मार्गों से भगवान श्रीरामजी की बारात निकाली जाएगी।

## रायपुर गांव में मंदिर प्रांगण में हुई साफ सफाई और पौधरोपण किया

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम भाजपा ग्रामीण मंडल के द्वारा ग्राम पंचायत रायपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान एवं पौधे लगाएं गए और प्रधानमंत्री को शुभकामनाएं प्रेषित की गई। उपस्थित ग्राम पंचायत रायपुर के सरपंच सनी मिश्रा, राघवेंद्र वर्मा जयप्रकाश सोनी स्कूल के शिक्षक मेहरा जी बृजेश कहार महेश विनोद कहार ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर गांव में अनेक कार्यक्रम किए गए।

## पीएम सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना से बनेगा सौर समृद्ध मध्य प्रदेश

नर्मदापुरम (निप्र)। भारत सरकार द्वारा आवासीय घरों को सौर ऊर्जा से अपनी बिजली पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करना और सौर रूफटॉप क्षमता में हिस्सेदारी बढ़ाने के उद्देश्य से पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना प्रारंभ की गई है। योजना के तहत पूरे देश के ऊर्जा परिदृश्य को बदला जा रहा है। योजना की माध्यम से सौर उर्जा के व्यापक उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है कर्णी गुर्जर औरतों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

## पत्रकार स्व. दुबे की तृतीय पुण्यतिथि पर नर्मदांचल पत्रकार संघ के प्रशांत दुबे भवन में दी गई श्रद्धांजली




नर्मदापुरम (निप्र)। स्व. प्रशांत दुबे पत्रकार भवन में स्व. श्री दुबे की की तृतीय पुण्यतिथि के मौके पर पत्रकारों ने श्रद्धांजली अर्पित की। नर्मदांचल पत्रकार संघ द्वारा श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी की अध्यक्षता में श्रद्धांजली सभा में अनेक पत्रकारों अधिवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व. प्रशांत दुबे के व्यक्तिव्य पर प्रकाश डाला। इस मौके पर तिवारी, कमलेश चौधरी, पंकज शुक्ला, आत्माराम यादव, मनोज सोनी, राजेश सौरभ तिवारी, विजय कुम्भारे, विपिन महंत, अंशुल पांडेय, प्रदीप गुप्ता, मुकेश भदौरिया, राजेंद्र परिहार, संतराम निसरेले, मनोज चौरे, श्याम राय, हिना अलि, खुश्बू बूलचंदानी, नेहा थापक, एनडी दीक्षित, कन्हैया वर्मा, गोलू अवस्थी, अधिवक्ता संघ के सचिव मनोज जराठे, सहित अन्य अनेक सदस्य शामिल हुए। संचालन विजय कुम्भारे ने किया। वर्चुली रूप से बलराम शर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



## मदिरा की अवैध बिक्री एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाए : कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी

नर्मदापुरम (निप्र)। सभी जिला आबकारी अधिकारी देसी एवं विदेशी मदिरा के अवैध बिक्री एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई करें। परिवहन के लिए युक्त वाहनों को जप्त कर अर्थ दंड लगाए। उक्त निर्देश नर्मदापुरमसंभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने बुधवार को आयोजित आबकारी विभाग, खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, खनिज विभाग, जिला परिवहन विभाग, वाणिज्य कर विभाग, वरिष्ठ जिला पंजीयन विभाग एवं नापतोल विभाग की संभागीय समीक्षा बैठक में दिए। कमिश्नर ने निर्देश दिए की शासन द्वारा दिए गए राजस्व लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में शत प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। कमिश्नर ने कहा कि हालांकि रेवेन्यू की कोई सीमा नहीं है लक्ष्य से अधिक भी राजस्व प्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित किया जाए। उन्होंने कहा कि मदिरा विक्रय की जगह जहां तय है वही वही से ही मदिरा का विक्रय सुनिश्चित किया जाए, अन्य संवेदनशील क्षेत्र या जहां पर भद्रजन लोग रहते हैं वहां पर किसी भी स्थिति में मदिरा का विक्रय या दुकान स्थापित न किया जाए।

# नर्मदापुरम पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में परीक्षा पर चर्चा

नर्मदापुरम (निप्र)। शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम में परीक्षा पर चर्चा एवं पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा, विशिष्ट अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं विधायक प्रतिनिधि विवेक गौर, सांसद प्रतिनिधि मनोज शर्मा, अध्यक्ष म.प्र. तैराकी संघ पीयूष शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष रुपेश राजपूत, पूर्व नगर मंत्री मनीष परदेशी तथा भवानी गौर, अंकित साहू, श्रीमति माया केवट आदि गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम में सम्मिलित होकर विधायक एवं सांसद ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया एवं छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया। परीक्षा के संबंध में विद्यार्थियों से चर्चा की विद्यार्थियों से परीक्षा की तैयारी, अनुभव और सुझाव साझा किए। विधायक एवं सांसद ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का सहजता से समाधान किया और आगे बढ़ने के लिए उन्हें कड़ा परिश्रम करके अपने आप को देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

सांसद श्री चौधरी ने कहा कि सभी छात्र छात्राएं अपने उज्जवल भविष्य के लिए कड़ी से कड़ी मेहनत करें और अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। एवं विद्यार्थी मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ भविष्य में देश को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सक्षम होकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे।


## कार्यालय मुख्य अभियंता ( भोपाल परिक्षेत्र ) लोक निर्माण विभाग,भोपाल ( म.प्र. )

ईमेलः-cepwdcapital@mp.nic.in दूरभाष/फेक्स क्रमांक. 0755-2551403

### निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 15/सा/01/विविध/2019 ( वर्ष 2025 ) भोपाल, दिनांक 12.09.2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य की अनु. राशि( रू.लाख में ) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_442372_1 | विदिशा | मार्ग | विदिशा रेल्वे स्टेशन महादेव गंज चौक मुख्य मार्ग से पैदी स्कूल, चाणक्य मार्ग से बजरिया झाकी चौक व्हाया शिवाजी चौक ल. 2.30 कि.मी. | द्वितीय | 663.82 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |
| 2 | 2025_PWDRB_442373_1 | विदिशा | मार्ग | पुरनपुरा गली न.5 से अहमदपुर मार्ग लंबाई 1.50 कि0मी0, कागदीपुरा से अस्पताल बासा गुरूद्वारा बाल विहार चौक तक लंबाई 1.40 कि0मी0, माधवगंज अस्पताल मार्ग रविशंकर चौराहा नीमताल चौक लंबाई 1.00 कि0मी0,नीमताल चौक से तिलक चौक मयूर न्यूज ऑफिस से बड़ाबाजार तक लंबाई 1.10 कि0मी0 कुल लंबाई 5.00 कि0मी0 में सी0सी0 मार्ग निर्माण कार्य। | प्रथम | 977.27 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |
| 3 | 2025_PWDRB_442374_1 | विदिशा | मार्ग | रामलीला से गल्ला मण्डी चौक बाया बजरिया चौक तक लंबाई 1.60 कि0 मी0, एन0एच0 86 से करैयाखेडा तक लंबाई 2.40 कि0मी0, किरी मोहल्ला से बरईपुरा चौराहा तक लंबाई 1.20 कि0मी0 कुल लंबाई 5.20 कि0मी0 में निर्माण कार्य। | प्रथम | 979.03 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |
| 4 | 2025_PWDRB_442375_1 | नर्मदापुरम | मार्ग | म्याउगांव से बेसोनी कला से नहारकोला खुर्द मार्ग ल. 9.00 कि.मी. का निर्माण | प्रथम | 1080.22 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |
| 5 | 2025_PWDRB_442377_1 | रायसेन | मार्ग | ग्राम कानीवाड़ा से सांईखेड़ा वाया ल. 6.00 कि0मी0 | प्रथम | 670.34 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |
| | | | | योग | | 4370.68 | ईएमडी/समस्त दस्तावेज केवल आनलाईन प्रस्तुत किये जाना है। |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 29.09.2025 (17.30) बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

जी/18766/25

मुख्य अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
भोपाल परिक्षेत्र भोपाल

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें



क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406/1568

## कार्यालय प्रमुख अभियंता

### जल संसाधन विभाग, जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई मेल-mpwrdetenders@gmail.com, edpcell.encwrd.bpl@mp.gov.in

फोन -0755-2553402 फैक्स-0755-2552406

//निविदा आमंत्रण सूचना//

निविदा सूचना क्रमांक-615/2715001/ई.डी.पी./2021-22/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 15/09/2025

निम्न कार्यो हेतु निविदा वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर दिनांक 06/10/2025 को 17:30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किए जा सकते है।

निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

| स.क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | जिला | राशि रू.लाख में |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_WRD_422459 | बाणसागर मुख्य बॉध देवलोंद के बाह्य प्रकाश व्यवस्था अंतर्गत टूनियन वॉक वे के लाइटिंग अरेंजमेंट का मरम्मत एवं सुधार कार्य। | शहडोल | 3.52 |
| 2 | 2025_WRD_428962 | मोहनपुरा बांध, के .ए.पी.एफ.सी. पैनल का सुधार एवं मरम्मत का कार्य। | भोपाल | 1.90 |
| 3 | 2025_WRD_428966 | कुण्डालिया बांध पर साईरन तक सीढी, लाईटनिंग कंडक्टर, सब स्टेशन फेंसिंग एवं वि./यां. कार्यो हेतु अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने एवं लगाने का कार्य। | भोपाल | 2.86 |
| 4 | 2025_WRD_428968 | पार्वती सिंचाई परियोजना के सांका श्यामजी, मंदिर नरसिंहगढ के 3 फेज विघुत कनेक्शन का कार्य। | भोपाल | 8.68 |
| 5 | 2025_WRD_445756 | घाट बमुरिया, खेराई, केथन डासवर्सन, कुम्हार, सेमरी टेंक, बहादुरपुर, सांवलहेडो, रतवासे एवं गरेठी वियर कम कॉजवे तथा मढी नरखेडी वियर के गेट खोलने एवं बंद करने कार्य। | अशोकनगर | 1.96 |
| 6 | 2025_WRD_448303 | विभागीय 34वीं अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन जिला रीवा में करायें जाने हेतु खेल सामग्री का प्रदाय। | रीवा | 12.56 |
| 7 | 2025_WRD_448638 | विभिन्न कार्यालयों में स्थापित कम्प्यूटर प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन एवं अन्य उपकरणों का वार्षिक रखरखाव एवं सुधार कार्य। | भोपाल | 16.94 |
| 8 | 2025_WRD_448640 | जल संसाधन विभाग के अंतर्गत मंत्रालय, मुख्य अभियंता एवं संचालक कार्यालयों हेतु फोटोकॉपी मशीन किराये पर लेना। | भोपाल | 1.29 |
| 9 | 2025_WRD_448701 | भोपाल कलिसासोत एवं बैरसिया उपसंभाग में बैराजों के गेटों को बंद करने का कार्य। | भोपाल | 7.52 |
| 10 | 2025_WRD_448798 | बी.एल.सी.के चंदला माइनर नं. 03 की लाइनिंग का कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | छतरपुर | 13.80 |
| 11 | 2025_WRD_448803 | कुटनी पोषक बांध पर विद्युतीयकरण सहित प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.42 |
| 12 | 2025_WRD_448806 | सिंहपुर बैराज सिंचाई परियोजना पर विद्युतीयकरण सहित प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य कार्य। | सागर | 3.65 |
| 13 | 2025_WRD_448861 | माछा वितरण के 5न वितरिका एवं उसकी माइनर की समस्त नहरों एवं पिपरिया शाखा नहर के चैन क्रं 1750 से 1850 के मध्य मिट्टी तथा सी.सी. लाईनिंग, स्ट्रक्चर निर्माण, सुधार एवं मरम्मत कार्य। | नर्मदापुरम् | 12.16 |
| 14 | 2025_WRD_448863 | शुक्करवाडा उपनहर एवं 11 नम्बर तिरिका 01 सबमाईनर तथा टेल स्केप में वार्षिक अनुरक्षण अंतर्गत मिट्टी का कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.00 |
| 15 | 2025_WRD_448864 | गूजरवाड़ा उपनहर बाबई उपनहर तथा गाजनपुर माईनर एवं सिंघपुर सब माईनर में वार्षिक अनुरक्षण अंतर्गत मिट्टी का कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.00 |
| 16 | 2025_WRD_448865 | रामनगर, हथनावाद उपनहर एवं 02 माइनर तथा सेमरी उपनहर में वार्षिक अनुरक्षण मिट्टी का कार्य। | नर्मदापुरम् | 4.12 |
| 17 | 2025_WRD_448866 | बागरा शाखा नहर, नसीरावाद उपनहर, गाजनपुर उपनहर वार्षिक अनुरक्षण मिट्टी कार्य तथा बी.सी.सी. मुख्य नगर में सी.सी. लाइनिंग कार्य। | नर्मदापुरम् | 4.86 |
| 18 | 2025_WRD_448870 | पी.बी.सी. मुख्य नगर में चैन 225 से 470 के मध्य सी.सी. लाईनिंग का कार्य एवं तवा कालोनी की बाउन्ड्री वाल का निर्माण कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.13 |
| 19 | 2025_WRD_448872 | सांकला वितरण अनुविभाग सोहागपुर की 02 नम्बर वितरिका एवं समस्त माइनरों के मध्य मिट्टी का कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.45 |
| 20 | 2025_WRD_448873 | डोकरीखेड़ा, गुड़डीखेड़ा एवं आमादेही जलाशयों की नहरों एवं उनकी समस्त माइनरों के मध्य मिट्टी का कार्य। | नर्मदापुरम् | 5.31 |
| 21 | 2025_WRD_448951 | विभागीय 34वीं अंतरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता हेतु सामग्री तथा वाहन का प्रदाय। | रीवा | 5.99 |
| | | | कुल योग | 131.12 |

जी/18740/25 हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें मुख्य अभियंता ( प्रोक्योरमेंट )


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णाकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com